इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 21 | राजनांदगांव, शनिवार 06 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# भारत-रूस के बीच 7 समझौते; मुफ्त वीजा, द्विपक्षीय व्यापार समेत रूसी सेना में भर्ती भारतीयों का मुद्दा उठाया: पीएम मोदी ने कहा- उनकी सुरक्षित वापसी हो

नईदिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी भारत यात्रा के दौरान आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। इस दौरान भारत-रूस के बीच 7 अहम समझौते हुए। भारत ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन तक मुफ्त वीजा जारी करने का भी ऐलान किया है। वहीं, रूस ने कहा कि वो कच्चे तेल की आपूर्ति जारी रखेगा।

भारत-रूस ने मैनपावर मोबिलिटी समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो रूस में भारतीय पेशेवरों के काम करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। इसके तहत मौजूदा भारतीय श्रमिकों के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित होगी और निर्माण, कपड़ा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में हजारों भारतीय कामगारों को रोजगार के नए मौके मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, समझौते लागू होने के शुरुआती महीनों में ही 70,000 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को रूस में रोजगार मिलेगा। दोनों देशों ने विजन 2030 जारी किया है। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी को 2030 तक बढ़ाने की रणनीति बताई गई है। भारत-रूस ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर (करीब 9 लाख करोड़ रुपये) से ऊपर ले जाने का लक्ष्य तय किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उम्मीद जताई कि मौजूदा संभावनाओं और दोनों देशों में बातचीत को देखते हुए यह लक्ष्य 2030 से पहले ही प्राप्त किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत जल्द ही रूसी नागरिकों के लिए ई-पर्यटक वीजा शुरू करेगा। उन्होंने कहा, रूसी नागरिकों को जल्द ही 30 दिन का मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा और 30 दिन का ग्रुप टूरिस्ट वीजा मिल सकेगा। यह दोनों देशों में मानव शक्ति की गतिशीलता के लिए बेहद जरूरी है। हमने इस संबंध में दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2024 के पहले 9 महीनों में मॉस्को में 61,000 (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## मोदी और पुतिन ने दिया आतंकवाद को कड़ा संदेश

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आतंकवाद को कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया और कहा कि भारत और रूस दोनों आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। मोदी ने मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल हमले को भी याद कर कहाकि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है। संयुक्त बयान में मोदी बोले, आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत और रूस ने लंबे समय से कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है। पहलगाम में हुआ आतंकी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## व्लादिमीर पुतिन के दौरे के बीच रूस ने भारत के कुडनकुलम संयंत्र को दिया परमाणु ईंधन

नईदिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर हैं। इस बीच रूस की सरकारी परमाणु कंपनी रोसाटॉम ने तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के तीसरे रिएक्टर के लिए ईंधन की पहली खेप भेज दी है। रोसाटॉम ने एक बयान में कहा कि उसने नोवोसिबिर्स्क केमिकल कंसन्ट्रेट प्लांट द्वारा निर्मित ईंधन असेंबलियों को अपने परमाणु ईंधन प्रभाग द्वारा संचालित कार्गो विमान के माध्यम से भारत भेजा है। रूस से परमाणु ईंधन लेकर कुल 7 विमान भारत आने हैं। परमाणु ईंधन के लिए रूस और भारत में 2024 में समझौता हुआ था। उसी के तहत ये शिपमेंट भारत आए हैं। इसमें प्रारंभिक लोडिंग से लेकर पूरे समय के लिए कुडनकुलम संयंत्र के तीसरे और चौथे वीवीईआर-1000 रिएक्टरों के लिए ईंधन की आपूर्ति शामिल है। बता दें कि कुडनकुलम संयंत्र में 6,000 मेगावट क्षमता वाले 6 रिएक्टर होंगे। पहले 2 रिएक्टर 2013 और 2016 में भारत के पावर ग्रिड से जुड़े थे। 4 अन्य रिएक्टरों का काम चल रह है। रोसाटॉम ने कहा कि कुडनकुलम संयंत्र के प्रथम चरण में इन दोनों रिएक्टरों के संचालन के दौरान रूसी और भारतीय इंजीनियरों ने उन्नत परमाणु ईंधन और विस्तारित ईंधन चक्रों के माध्यम से उनकी दक्षता बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय काम किया है। 2022 से कुडनकुलम संयंत्र को टीवीएस-2एम मॉडल के परमाणु ईंधन की आपूर्ति की जा रही है। रूस हाल के दशकों में भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने वाला एकमात्र देश है। रोसाटॉम ने कहा कि कुडनकुलम संयंत्र का दूसरा चरण 18 महीने के ईंधन चक्र के साथ प्रक्षेपित होने वाला पहला वीवीईआर -1000 रिएक्टर होगा। रोसाटॉम ने बताया कि यह रोसाटॉम के परमाणु ईंधन प्रभाग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राष्ट्रपति भवन पर रात्रि भोज; थरूर को न्योता, राहुल-खरगे को नहीं बुलाने पर भड़की कांग्रेस



नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रिभोज में राष्ट्रपति भवन की ओर से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को न्योता दिया गया है। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बुलावा नहीं आया है। इस पर कांग्रेस ने सरकार पर फिर निशाना साधा है।

### केंद्र सरकार पर भड़की कांग्रेस

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सांसद राहुल गांधी को कोई न्योता नहीं मिला है। यह हैरानी की बात है, लेकिन हमें हैरान नहीं होना चाहिए क्योंकि यह सरकार सभी प्रोटोकॉल तोड़ने की आदी है। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता को राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में आज रात आयोजित रात्रिभोज में बुलाया गया है। दोनों विपक्ष के नेताओ को आमंत्रित नहीं किया गया है।

### मुझे आमंत्रित किया गया है...मैं निश्चित रूप से जाऊंगा- शशि थरूर

वहीं रात्रिभोज में बुलाए जाने पर कांग्रेस सासंद शशि थरूर ने कहा कि एक समय था जब विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष को नियमित रूप से आमंत्रित किया जाता था लेकिन यह प्रथा कुछ वर्षो से बंद हो गई है। संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष ने कहा, यह फिर से शुरू हो गया है...मुझे आमंत्रित किया गया है, हां। मैं निश्चित रूप से जाऊंगा। इस दौरान जब शशि थरूर से राहुल गांधी को न बुलाए जाने पर सवाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 15 दिसंबर तक सामान्य हो जाएगी स्थिति, फ्लाइट कैंसिलेशन और अफरा-तफरी के बीच बोले इंडिगो सीईओ




1000 से ज्यादा फ्लाईट नहीं उड़ पायी, यात्री परेशान

नई दिल्ली। इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और यात्रियों में मची अफरा-तफरी के बीच इंडिगो के सीईओ ने लोगों से माफी मांगी है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा है कि से 10 से 15 दिसंबर के बीच स्थिति पूरी तरह नॉर्मल होने की उम्मीद है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि रिकवरी में अभी समय लेगा।

इंडिगो के सीईओ की यह सार्वजनिक माफी तब सामने आई है, जब शुक्रवार को एक हजार से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। यह समस्या शुरू होने के बाद सबसे ज्यादा प्रभावित दिन था। पिछले तीन चार दिनों से हवाई यात्री जिस कदर परेशान रहे उसके लिए ज्यादा जिम्मेदार इंडिगो को ठहराया जाए या फिर एअरलाइन सेवा की नियामक संस्था डीजीसीए ( नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) को..। जिस तरह पूरे साल डीजीसीए आंखे बंद किए बैठा रहा और भारी अफरातफरी के बाद एअरलाइन के दबाव में आकर डीजीसीए ने पायलट और क्रू मेंमर के कार्यघंटे में ढिलाई बरत दी उससे यही लगता है कि डीजीसीए ज्यादा जिम्मेदार है। क्योंकि लगभग एक साल पहले दिए गए दिशानिर्देश का पालन हो रहा है या नहीं इस बाबत पिछले महीनों में डीजीसीए ने कभी पड़ताल ही नहीं की।

आखिरी मौके पर जब एअरलाइन ने हाथ खड़े कर दिए तो डीजीसीए ने भी निर्देश वापस ले लिया। इंडिगो की रोजाना सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने की स्थिति पर गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में देर रात तक चली बैठक में जब कोई ठोस नतीजा नहीं निकला तो पांच दिसंबर को तड़के इंडिगो ने एक साथ 400 उड़ानों के रद्द होने की घोषणा कर दी। इसके कुछ देर बाद डीजीसीए ने एक अप्रत्याशित फैसला लेते हुए सभी एयरलाइंस ऑपरेटर्स को जारी साप्ताहिक आराम (वीकली रेस्ट) संबंधी निर्देशों को तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया। इसके कुछ देर बाद डीजीसीए ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए देश के एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीएआई) और सभी पायलट संघों व पायलटों से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिगो मामले में केंद्र सरकार ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश, निगरानी के लिए बना नियंत्रण कक्ष



भारत सरकार ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो की सेवाओं में आई दिक्कतों की उच्च स्तरीय जांच कराने का फैसला किया है। इसके साथ ही सरकार की ओर से यात्रियों की दिक्कतों को कम करने के लिए 24x7 कंट्रोल रूम बनाया है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के नए नियमों में राहत दी है। सरकार ने कहा है कि एयर सेफ्टी से कोई समझौता किए बिना, यह फैसला पूरी तरह से यात्रियों के हित में लिया गया है। उधर, विमानन नियामक डीजीसीए ने भी इंडिगो एयरलाइंस के परिचालन में समस्या पैदा करने वाली परिस्थितियों की व्यापक समीक्षा और मूल्यांकन के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया है। उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि भारत सरकार ने इंडिगो की सेवाओं में आई रुकावट की उच्च स्तरीय जांच कराने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि जांच में यह पता लगाया जाएगा कि इंडिगो में क्या गलत हुआ, जहां भी जरूरी होगा वहां जवाबदेही तय की जाएगी और सही कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसी रुकावटों को रोकने के लिए उपाय सुझाए जाएंगे, ताकि यात्रियों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय बोले- छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है, विकास का नया युग प्रारंभ हो चुका है



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा रहे नक्सलवाद का जड़ से उन्मूलन अब साकार होता दिख रहा है। यह सफलता डबल इंजन की सरकार के मजबूत नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की स्पष्ट नीति और हमारे वीर सुरक्षाबलों के साहस, पराक्रम और अटूट संकल्प का सामूहिक परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सलवाद आज अपने अंतिम चरण में है और यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्पष्ट संकल्प है कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन किया जाएगा, और यह संकल्प अब धरातल पर साकार रूप लेता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सली हिंसा के समाप्त होते ही बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में शांति और स्थिरता की मजबूत नींव स्थापित हो रही है। वर्षों तक विकास से वंचित रहे क्षेत्रों में अब तेजी से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, पर्यटन और आजीविका के नए आयाम खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर अब परिवर्तन की राह पर है, और आने वाले वर्षों में वहां विकास की गंगा बहेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, केंद्र सरकार का मार्गदर्शन और सुरक्षा बलों का साहस इन तीनों की संयुक्त शक्ति से छत्तीसगढ़ न केवल नक्सलवाद से मुक्त होगा, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ विकासशील राज्यों में अग्रणी बनकर उभरेगा।

# छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल ने देवेन्द्रनगर थाने में किया आत्मसमर्पण, कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर भेजा जेल



रायपुर। अग्रवाल समाज के महापुरुष अग्रसेन महाराज और सिंधी समाज के आराध्य झूलेलाल पर विवादित बयान देने के बाद फरार छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल ने शुक्रवार को देवेंद्र नगर थाना पहुंचकर सरेंडर कर दिया हैं। अमित बघेल के सरेंडर करने की खबर पर थाना के बाहर उनके समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई है। अमित बघेल को देवेंद्र नगर पुलिस ने गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने बघेल को तीन दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार क्रांति सेना घासीदास प्लाजा से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेगी। सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। बता दें कि अग्रवाल समाज के महापुरुष अग्रसेन महाराज और सिंधी समाज के आराध्य झूलेलाल पर विवादित बयान देने के बाद पूरे प्रदेश में अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इधर चौतरफा विरोध होने तथा एफआईआर दर्ज होने के बाद अमित बघेल फरार हो गये थे जिन्हें पुलिस ने कुछ दिनों पहले ही भगोड़ा घोषित किया था। साथ ही उनकी जानकारी देने वाले पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। इन सब के बीच अमित बघेल ने शुक्रवार को सरेंडर करने की घोषणा की थी और सरेंडर करने वह देवेंद्र नगर पुलिस थाना पहुंचने ही वाला था कि उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से अमित को तीन दिन के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। इससे पूर्व अमित बघेल के समर्थकों ने थाने के सामने जमकर नारेबाजी की। बताया जा रहा है कि अमित बघेल ने अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने पैतृक गांव पथरी जाने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस कस्टडी में रहते हुए अमित अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

# शीतकालीन सत्र 2025 5वां दिन: संसद में उठा विमान कैंसिलेशन का मुद्दा, सरकार बोली- मामले की जांच जारी



नईदिल्ली। शीतकालीन सत्र 2025 का आज पांचवा दिन है. दोनों सदनों की कार्यवाही जारी है. इससे पहले बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सुचारुरूप से चलाने के लिए सभी सांसदों की बैठक बुलाई थी. उसके बाद गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारुरूप से चली.

ऑर्डर देने के बाद दस मिनट के भीतर या यथाशीघ्र सेवाएं देने वाले 'डिलीवरी ब्वॉय (आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि)' की समस्याएं उठाते हुए आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि ''भारतीय अर्थव्यवस्था के इन अनदेखे पहियों'' की खामोशी के पीछे रोजगार की जरूरत और उसे लेकर व्याप्त असुरक्षा इन्हें अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर करती है. शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा ''जोमैटो, स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय, ओला एवं उबर के ड्राइवर, ब्लिंकिट एवं जैप्टो के राइडर एवं अर्बन कंपनी के प्लंबर या ब्यूटीशियन वैसे तो गिग वर्कर हैं लेकिन वास्तव में ये लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के अनदेखे पहिये हैं.'' उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी में अहम बदलाव लाने वाली ई कॉमर्स और इन्स्टा डिलीवरी कंपनियां इन ''खामोश कार्यबल'' की बदौलत अरबों रुपये कमा चुकी हैं और कमा रही हैं लेकिन यह बदलाव लाने वाले और इन कंपनियों को अरबपति बनाने वाले कामगारों की हालत दिहाड़ी मजदूरों से भी बदतर है. चड्ढा ने कहा कि तेज गति और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### संसद में विपक्ष के प्रश्न पर केन्द्र सरकार का जवाब

# अडानी ग्रुप की कंपनियों में एलआईसी का निवेश

## 2007 में 2041 करोड़ से बढ़कर 2025 में 48,284 करोड़ हुआ

अमदाबाद (सं.न्यू.)। क्या सरकार ने एल.आई.सी. सहित की पब्लिक सेक्टर की कंपनियों को अडानी ग्रुप में निवेश करने के लिए विवश किया है? चालू संसद सत्र में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि, सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कम्पनी लाईफ इन्श्योरेंस कार्पोरेशन (एल.आई.सी.) और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को किस प्रकार और कौन सी कम्पनी में निवेश करना, इस बाबत कोई सलाह नहीं देती। लोकसभा में केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने उक्त प्रश्न के जवाब में स्पष्ट करते हुए कहा था कि उचित सख्त कार्यवाही, जोखिम का निरीक्षण और विश्वसनीय पालन का अनुसरण तथा बीमा अधिनियम 1938 के प्रावधानों तथा आई.आर.डी.ए.आई., आर.बी.आई. और सेबी द्वारा जारी नियमों को ध्यान में रखकर एल.आई.सी. के द्वारा स्वतंत्र रूप से शेयर मार्केट में निवेश किया जाता है। 30 सितम्बर तक में निफ्टी 50 कम्पनियों में एल.आई.सी. का निवेश बुक वेल्यू 4.31 लाख करोड़ है, जो उसके कुल इक्विटी निवेश का 45.85 प्रतिशत है।

### अडानी ग्रुप में एल.आई.सी. का निवेश (इक्वीटी और डेट साधनों दोनों में)

अडानी इंटरप्राइजेस को 8470.60 करोड़, अडानी ग्रीन एनर्जी को 3,486.10 करोड़, अडानी पोर्ट व सेज को 2007 में 192.79 व 2025 में 15,306.87, अडानी टोटल गैस को 2025 में 8.346.82, अडानी एनर्जी सोलुशन को 3,729.68 करोड़, अडानी एक्सपोर्ट को 2007 में 50 करोड़, ए.सी.सी. को 2007 में 1124.77 व 2025 में 2856.82 करोड़, अबुंजा सिमेंट को 2007 में 674.04 व 2025 में 5787.73 करोड़ रूपए का निवेश किया है। इस प्रकार, 2007 में कुल 2,0416 व 2025 में कुल 48,284.62 करोड़ रूपयों का निवेश अडानी ग्रुप की कम्पनियों में किया है।

### अनेक ऋणी कम्पनियां जिसमें एल.आई.सी. ने निवेश किया

पब्लिक सेक्टर में कम्पनी का कुल ऋण इस प्रकार है। पी.एफ.सी.-48,662.98 करोड़ रूपए, आईआरएफसी-40,571.04 करोड़, आर.ई.सी.-38,982.80 करोड़ एन.एच.ए.आई.-35,209 करोड़ व एस.बी.आई.-14,614 करोड़, में एल.आई.सी. ने निवेश किया है। प्राइवेट सेक्टर में एच.डी.एफ.सी. बैंक में 49,149.14 करोड़, रिलायंस इन्डस्ट्रीज में 14.012.34 करोड़, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक 13,435 करोड़, श्रीराम फाईनेंस के 11.075 करोड़, अडानी पोर्ट व सेज में 9,625.77 करोड़ रूपए निवेश किया।

### एल.आई.सी. का शीर्ष के पांच इक्वीटी में निवेश

पब्लिक सेक्टर के एस.बी.आई. में 26,872.98, कोल इंडिया में 21,860.75 करोड़, ओ.एन.जी.सी. में 21,176.46 करोड़, पी.एन.बी. में 6,231.35 करोड़ व जी.आई.सी. में 7,628.17 करोड़ का निवेश किया है। प्राइवेट सेक्टर में आर.आई.एल. में 40,971.38 करोड़ रूपए, इन्फोसिस में 38,846.33, टी.सी.एस. में 31,926.89, एच.डी.एफ.सी. बैंक में 31,664.69 करोड़ तथा एच.यु.एल. में 30,133.49 करोड़ रूपए लाईफ इन्श्योरेस आफ इंडिया ने निवेश किया है। केन्द्र सरकार ने संसद में एल.आई.सी. निवेश बाबत के प्रश्न का जवाब दिया।

### आगामी 5 से 10 साल में एक बड़ा विश्व युद्ध होने का दावा

# दुनिया विश्व युद्ध की ओर: 2030 तक में अणु युद्ध होगा- एलन मस्क



न्यूयार्क (सं.न्यू.) विश्व के सबसे अमीर और प्रभावशाली एलन मस्क ने एक चौकानें वाला दावा किया है कि दुनिया विश्व युद्ध की ओर आगे बढ़ रही है। २०३० तक विश्व युद्ध याने एक बड़ा अणु युद्ध हो सकता है।

मस्क के इस दावे से पूरे विश्व में हड़कम्प मच गया है। मस्क का मानना है कि आगामी 5 से 10 सालों में एक बड़ा विश्व युद्ध हो सकता है। मस्क ने 'एक्स' पर एक युजर की पोस्ट में ऐसा जवाब दिया था। उनका मानना है कि आगामी 5 से 10 साल में एक बड़ा विश्व युद्ध हो सकता है। यह अणु युद्ध भी हो सकता है। युजर हंटर ऐश ने लिखा था कि विश्व में अणु शस्त्रों के कारण बड़े शक्तिशाली देशों के बीच अब सीधा युद्ध असंभव है। इससे विश्व के किसी भी सरकार के लिए अब अच्छे तरीके से शासन करने की कोई मजबूरी नहीं है। किसी भी प्रकार का बाह्य खतरा नहीं कि जो सरकारों को कुशल बनने को मजबूर करेगी। तभी एलन मास्क ने संक्षेप में जवाब दिया था कि युद्ध तो होगा ही। 2030 तक में 5 साल या अधिक से अधिक 10 साल तक में संभव है।

यद्यपि उन्होने इस मुद्दे पर ज्यादा खुलासा नहीं किया था। इसका कोई कारण भी नहीं बताया था। उन्होने किसी भी देश का नाम नहीं लिया था। एलन मस्क के इस वन लाइनर जवाब से पूरी दुनिया में हड़कम्प मचा है। लोग अब सोचने लगे हैं कि मस्क किस युद्ध की बात कर रहे हैं?

## पहला कॉलम...

### डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर महापौर ने दी विनम्र श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रथम विधि मंत्री एवं देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 6 दिसंबर पुण्यतिथि पर महापौर मधुसूदन यादव ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होने कहा कि 6 दिसंबर का दिन डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। महापौर ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता डॉ. अंबेडकर समाज सुधारक के साथ साथ भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे। जाति आधारित भेदभाव अस्पृश्यता के खिलाफ उनकी अथक लड़ाई ने भारतीय समाज पर एक स्थाई प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस भारत में जाति वर्ग आधारित भेदभाव से जुडी मौजुदा चुनौतियों की याद दिलाता है। यह दिन डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को याद करने और मानवाधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष की पुष्टि करने का दिन है। महापौर ने महामानव डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के पुण्यतिथि को याद करते हुए कहा कि आज उनके कार्यों और देश में उनके योगदान को स्मरण करने और उनके बताए रास्ते में चलने की आवश्यकता है, ताकि लोगों में सद्भावना, प्रेम भाईचारा, शिक्षा और समरसता कायम हो सके।

### 1 से 10 जनवरी तक होगा 'आरएफएल 2026' टूर्नामेंट

राजनांदगांव (दावा)। शहर में खेलप्रेमियों के लिए एक बार फिर फुटबॉल का बड़ा टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। राजनांदगांव फुटबॉल लीग (आरएफएल-2026) का दूसरा संस्करण आगामी 1 से 10 जनवरी तक स्टेट स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में खेला जाएगा। फ्लड लाइट में होने वाला यह 7-ए साइड लीग टूर्नामेंट खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए खास आकर्षण रहेगा। टूर्नामेंट में कुल 12 फ्रेंचाइजी और लगभग 150 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता टीम को 71,000 रुपए और विनर कप जबकि उपविजेता टीम को 41,000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, गोल्डन बूट, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट स्ट्राइकर और बेस्ट डिफेंडर जैसे कई आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह प्रतियोगिता फ्रेंचाइजी पर आधारित है। और प्रत्येक खिलाड़ी को पंजीयन कराना अनिवार्य है। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट, निकर और मोजे आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। खिलाड़ी पंजीयन की अंतिम तिथि 8 दिसंबर तथा नीलामी 14 दिसंबर को आयोजित होगी। यह आयोजन काका फुटबॉल क्लब एवं समस्त खिलाड़ियों स्टेट स्कूल ग्राउंड द्वारा किया जा रहा है।

### विस सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का सप्तम सत्र रविवार 14 दिसंबर से प्रारंभ होकर बुधवार 17 दिसंबर को समाप्त होगा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने के लिए अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने कहा है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने एवं न ही मुख्यालय से बाहर रहने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नंबर एवं मोबाईल नंबर की जानकारी कार्यालय कलेक्टर को तत्काल प्रेषित करने कहा है।

### विस सत्र के दौरान प्राप्त प्रश्नों तथा ध्यानाकर्षण सूचनाओं की समयसीमा में जानकारी भेजने आयुक्त ने लगाई ड्यूटी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 14 दिसम्बर रविवार से प्रारंभ होकर 17 दिसंबर बुधवार तक आयोजित होगा। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं तथा स्थगन प्रस्ताव की जानकारी समयसीमा में भेजने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। समयसीमा में जानकारी प्रेषित करने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी मो.नं. 76940-47167 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो समस्त पत्रों का निराकरण एवं हस्ताक्षरित कर संबंधित विभाग को प्रेषित करेंगे। इनकी सहायता के लिए प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197-26288 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा विधानसभा पत्रों का निराकरण कार्य के लिए लिपिकि कार्य के तहत विधानसभा पत्रों का संकलन एवं उत्तर तैयार कर प्रेषित करने लिपिको को जवाबदारी दी गई है।

### बी पोद्दार का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे मजदूर कांग्रेस के ब्रांच सेक्रेटरी अनिल पोद्दार के पिताजी बी पोद्दार पूर्व शाखा सचिव द पु रेलवे मेंस कांग्रेस का गुरुवार की सुबह 4 बजे निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छीरपानी स्थित मुक्ति धाम में किया गया।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल, सबले बढ़िया छत्तीसगढ़ीया
छत्तीसगढ़ के आन,बान, अऊ शान हमार सुपरस्टार-मन कुरैशी




झारा-झारा नेवता हावे..... हॉय पईसा
मन कुरैशी, आस्था शर्मा, आकाश सोनी, पुष्पेन्द्र सिंह
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
05th Dec to 11th Dec 2025




Dhurandhar - 12:00, 12:30, 04:00, 04:30, 08:30 and 09:00 pm
Akhanda 2 Thaandavam - 06:15 pm
Tere Ishk Mein - 12:15, 03:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

# छत्तीसगढ़ में पर्यटन का नया अध्याय, 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ आकर्षक टूर पैकेजों की शुरुआत, पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

रायपुर। छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग एवं आईआरसीटीसी मिलकर मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना के तहत रायपुर और बस्तर में पर्यटकों के लिए विशेष टूर पैकेजों की शुरुआत जल्द ही करने जा रहे हैं। यह पहल प्रदेश की सांस्कृतक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत के प्रसार के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत रायपुर से चार प्रमुख टूर पैकेज संचालित किए जाएंगे, जिनमें रायपुर सिटी टूर, रायपुर सिटी धार्मिक टूर, रायपुर-जगदलपुर सर्किट टूर और रायपुर-सिरपुर-बारनवापारा सर्किट टूर शामिल हैं। प्रत्येक पैकेज में वातानुकूलित वाहन, हिंदी-अंग्रेजी गाइड, भोजन और ट्रैवल इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिससे पर्यटक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पर्यटन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई है। इससे न केवल आर्थिक विकास को बल मिलेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी। छग पर्यटन मण्डल के नीलू शर्मा ने कहा कि यह योजना स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के व्यापक अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि हर पर्यटक तक पहुंचे।

### रायपुर सिटी टूर (दिवसीय भ्रमण)

इस टूर में पर्यटक रायपुर के प्रमुख स्थलों–राम मंदिर, ऊर्जा पार्क, पुरखौती मुक्तांगन, छत्तीसगढ़ ट्राइबल म्यूजियम, नंदनवन जू और कौशल्या माता मंदिर की सैर कर सकेंगे। पैकेज में वातानुकूलित वाहन, हिंदी/अंग्रेजी गाइड, भोजन और यात्रा बीमा शामिल है। प्रस्थान रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा।




### रायपुर सिटी धार्मिक टूर (दिवसीय भ्रमण)

धार्मिक स्थलों पर केंद्रित यह टूर हनुमान मंदिर, मां बंजारी मंदिर, कैवल्य धाम जैन मंदिर, इस्कॉन मंदिर, महामाया मंदिर, दंतेश्वरी माता मंदिर, राम मंदिर और मां कौशल्या माता मंदिर की यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा। इस टूर की शुरुआत और समापन भी रायपुर रेलवे स्टेशन से ही होगा।

### रायपुर-जगदलपुर सर्किट टूर

इस पैकेज में बस्तर क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों–जगदलपुर, चित्रकोट, तीरथगढ़–की यात्रा शामिल है। पर्यटक चित्रकोट जलप्रपात, कुटुमसर गुफा, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और दंतेश्वरी मंदिर जैसे प्रमुख आकर्षणों का आनंद ले सकेंगे। ठहराव डबल-शेयरिंग होटल में होगा तथा दैनिक भोजन की व्यवस्था रहेगी।

### रायपुर-सिरपुर-बारनवापारा सर्किट टूर

यह टूर सिरपुर के ऐतिहासिक मंदिरों और बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य की सैर करवाएगा। पैकेज में स्नैक्स, भोजन, होटल आवास और वातानुकूलित वाहन शामिल हैं। पर्यटकों को जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव भी मिलेगा।

### टूर पैकेज की विशेषताएं

प्रत्येक पैकेज के लिए कम से कम 10 व्यक्तियों का समूह आवश्यक है। यात्रा के दौरान पर्यटकों को पीने का पानी, स्नैक्स, लंच और ट्रैवल इंश्योरेंस दिया जाएगा। 2 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 85त्न और 18 वर्ष से अधिक के वयस्कों को 75त्न सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सभी पैकेज रायपुर रेलवे स्टेशन से शुरू और समाप्त होते हैं।

### स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा

इन टूर पैकेजों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा लाई जा रही है। पर्यटक इन पैकेजों के जरिए प्रदेश की विविधता और समृद्धि का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। इस योजना से स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। यह योजना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पर्यटन को जन-जन तक पहुँचाकर प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देना है। इससे छत्तीसगढ़ के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और पर्यटक राज्य को नए दृष्टिकोण से जानने-समझने का अवसर प्राप्त करेंगे।

> मुख्यमंत्री जन पर्यटन प्रोत्साहन योजना छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन को सुलभ, समृद्ध और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले समय में प्रदेश को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
> – मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# आलीखुटा में मितानिन ट्रेनिंग हॉल का लोकार्पण, जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

### डोंगरगांव ब्लॉक को मिली बड़ी सौगात



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आलीखुटा में निर्मित मितानिन ट्रेनिंग हॉल का लोकार्पण गुरुवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। ग्राम आलीखुटा में तैयार मितानिन ट्रेनिंग हॉल का लोकार्पण जनपद सदस्य सरिता साहू, ग्राम पंचायत कोपेडीह के सरपंच बीरसिंग चंद्रवंशी तथा जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव के अध्यक्ष मदन साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मितानिनें उपस्थित रहीं। लोकार्पण समारोह के बाद आयोजित मितानिन सम्मान कार्यक्रम में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने सभी मितानिनों का सम्मान करते हुए कहा कि मितानिन स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। आज हर मोहल्ले, हर घर तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने में इनका योगदान अद्वितीय है। जच्चा बच्चा की देखभाल से लेकर वरिष्ठ नागरिकों के उपचार तक, मितानिन परिवार के हर सदस्य से जुड़कर सेवा करती हैं। समय-समय पर स्वास्थ्य लाभ, टीकाकरण और सर्वे कार्य में इनकी भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम में उपस्थित मितानिनों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे शासन की सभी स्वास्थ्य योजनाओं को गली-गली तक पहुंचाने का दायित्व निभाती हैं।

उन्होंने बताया कि वे पोलियो एवं बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की नियमित देखभाल एवं टीकाकरण, टीबी व अन्य गंभीर रोगों के लक्षण पहचानकर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना, शासन के निर्देशानुसार सर्वे कार्य व रिपोर्ट तैयार करना जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां लगातार निभाती आ रही हैं। मितानिनों ने यह भी बताया कि उनकी मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा डोंगरगांव ब्लॉक के लिए मितानिन ट्रेनिंग हॉल की स्वीकृति दी गई थी। जो अब बनकर तैयार हो गया है और जिसका लोकार्पण आज जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती जुगन साहू, नीलिमा सिन्हा, गीता वैष्णव, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक तथा मितानिन प्रशिक्षक श्रीमती प्रमिला उइके, मीना वर्मा, दुलारी वर्मा, सीमा वैष्णव, पेमीन साहू, एमबाई साहू, मोहिनी साहू, चंद्रशिला बोरकर, माहेश्वरी राजपूत, नंदा सोनतेके, जानकी निषाद, ममता साहू, गोदावरी साहू, उषा साहू, दिनेश्वरी साहू, मोती साहू, तेजकुमारी साहू, रोहिणी साहू सहित बड़ी संख्या में मितानिनें मौजूद रहीं। साथ ही मितानिन श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती रोहिणी चंद्रवंशी, श्रीमती राजकुमारी चंद्रवंशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202511095300016
ब/121 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार पिता प्रेमलाल जाति तेली निवासी ग्राम ढाबा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम ढाबा पटवारी हल्का नं. 03 रा. नि. मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसर नंबर 236/2 रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि कुल खसर नंबर 01 कुल रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकन नहीं हुआ है। उक्त भूमि का ऑन लाईन नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-1, वर्ष 1957-58 का नक्शा की प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15/12/2025 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती संध्या तारम (SMT SANDHYA TARAM) पति श्री कृष्ण कुमार तारम (KRISHNA KUMAR TARAM) पता कमला कॉलेज रोड वार्ड नं. 45 सृष्टि कॉलोनी मकान नं. 134 तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूँ कि मेरा पुराना नाम संध्या यादव पिता स्व. श्री हीरालाल यादव पता कौरिनभाठा बजरंग चौक वार्ड नं. 44 तहसील व जिला राजनांदगांव था, विवाह उपरान्त जिसे बदलकर मैंने नया नाम श्रीमती संध्या तारम (SMT. SANDHYA TARAM) पति श्री कृष्ण कुमार तारम (KRISHNA KUMAR TARAM) रख लिया है। अतः आज से मुझे श्रीमती संध्या तारम (SMT. SANDHYA TARAM) पति श्री कृष्ण कुमार तारम (KRISHNA KUMAR TARAM) को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। अब से मुझे श्रीमती संध्या तारम (SMT. SANDHYA TARAM) पति श्री कृष्ण कुमार तारम (KRISHNA KUMAR TARAM) से ही जाना व पहचाना जावे।

**श्रीमती संध्या तारम
(SMT. SANDHYA TARAM)**
पति श्री कृष्ण कुमार तारम (KRISHNA KUMAR TARAM) पता कमला कॉलेज रोड वार्ड नं. 45 सृष्टि कॉलोनी मकान नं. 134 तहसील व जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

**कार्यालय अधीक्षक अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मण्डल रायपुर (छत्तीसगढ़)
(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु चतुर्थ निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2025 तक है।

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| NIT NO. 61 Tender No. 181146 | Special Repair Work of Various Old Bridges in Khairagarh-Chhuikhdan-Gandai District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon. | रू. 42.37 लाख |
| NIT NO. 62 Tender No. 181147 | Special Repair Work of Various Old Bridges in Kawardha District P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Kawardha. | रू. 42.37 लाख |
| NIT NO. 63 Tender No. 181148 | Special Repair Work of Various Old Bridges in Mohla-Manpur-Ambagarh-Chowki District Under P.W.D. Bridge Construction Sub-Division Rajnandgaon. | रू. 42.37 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकरी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

जी- 252605263/1

**अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मण्डल रायपुर (छ.ग.)**
*आपकी थी चाह, हमने बनाई राह*

# पुलिस शिकायत से आक्रोशित होकर शांति भंग करने वाले पर कार्रवाई

### सोमनी पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत अनावेदक को किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेश



राजनांदगांव (दावा)। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमनी पुलिस ने शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भापुसे) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में की गई। थाना प्रभारी सोमनी, निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में ग्राम देवादा में हुई एक घटना पर कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार अनावेदक भोलाराम चौहान पिता जैलू सिंह चौहान उम्र 36 साल, निवासी ग्राम गनियारी, थाना पुलगांव, जिला दुर्ग ने पुलिस में शिकायत किए जाने की बात से आक्रोशित होकर सार्वजनिक रूप से शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद किया। सोमनी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनावेदक भोलाराम चौहान को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। साथ ही, उसे प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से धारा 126 और 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शांति और कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-3-0
349-6 239-4
राजधानी
1-5-8
239-4 177-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https:// eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत(रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 180414 प्रथम आमंत्रण 25.11.2025 | जिला सूरजपुर के वि.खं. रामानुजनगर के पस्ता से वद्रिका आश्रम होते हुए सरईपारा रामानुजनगर तक मार्ग लं. 3.80 कि.मी. निर्माण कार्य। | 421.27 |
| 2 | 180377 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला कबीरधाम के भौंदा से भीरा मार्ग के फोंक नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 650.07 |
| 3 | 180478 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | भठली से कन्हारपुर छिन्दभेग मार्ग लम्बाई 2.875 कि.मी. का निर्माण कार्य | 261.24 |
| 4 | 180493 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला कबीरधाम वि.खं. पंडरिया के ग्राम दमगढ़ से अमानिया होते हुए पुटपुटा पहुंच मार्ग लम्बाई 7.50 कि.मी. कार्य की (लम्बाई 3.65 कि.मी.) का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 347.24 |
| 5 | 180508 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला बलौदाबाजार के रिसदा बायपास मार्ग लम्बाई 7.00 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग बलौदाबाजार | 1191.24 |
| 6 | 180510 प्रथम आमंत्रण 26.11.2025 | जिला बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्पलेक्स का निर्माण कार्य, वा.स.फि. एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। बलौदाबाजार संभाग बलौदाबाजार। | 1275.01 |
| 7 | 180528 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | कोनी मोपका बायपास मार्ग लंबाई 13.40 कि.मी. का निर्माण (12 मीटर कैरिज-वे) का कार्य। | 5540.49 |
| 8 | 180530 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला रायपुर के भनपुरी वार्ड क्रमांक 4 के विभिन्न मार्गों में डामरीकरण एवं कांक्रीटीकरण लंबाई 6.86 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 5.90 कि.मी.) कार्य। विधानसभा संभाग रायपुर। | 293.35 |
| 9 | 180533 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला सूरजपुर के वि.खं. रामानुजनगर के छिन्दिया से पिवरी मार्ग तक लं. 3.50 कि.मी. मार्ग निर्माण कार्य। | 333.20 |
| 10 | 180540 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला बलौदाबाजार के कोटा-जारा-सण्डी मार्ग लंबाई 11.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। संभाग -बलौदाबाजार | 2329.59 |
| 11 | 180549 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला रायपुर के भानसोज बरछा मालीडीह खौली मार्ग लंबाई 9.00 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। (वास्तविक लंबाई 7.850 कि.मी.) संभाग क्रमांक 1 रायपुर। | 2017.25 |
| 12 | 180545 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला राजनांदगांव के जंगलेश्वर से मोखला मार्ग के शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1016.15 |
| 13 | 180554 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला जांजगीर-चांपा के बेल्हा-कुरियारी मार्ग पर कुंजी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 379.17 |
| 14 | 180552 प्रथम आमंत्रण 27.11.2025 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के लोधा से धरमी मार्ग पर कुरसा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 359.93 |
| 15 | 180608 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | बोंदा से नवघट्टा मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 334.31 |
| 16 | 180606 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | गौरेला वेंकटनगर मार्ग के कि.मी. 7/2 में सोनाडी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 238.60 |
| 17 | 180615 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | जिला कोरिया के पेन्ड्री से मंगोरा मार्ग पर हसदेव नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 728.63 |
| 18 | 180655 प्रथम आमंत्रण 28.11.2025 | जिला बेमेतरा के कोगियाकला -नवागांव से सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 373.42 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 13, सं.क्र. 18 दिनांक 15.12.2025 सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 17.12.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 19.12.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी- 252605243/4

**मुख्य अंभियंता, केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

# जबरन मतांतरण रोकने शीतकालीन सत्र में सख्त कानून लाएगी छत्तीसगढ़ सरकार, 10 साल की सजा का हो सकता है प्रावधान

रायपुर। राज्य में जबरन मतांतरण की बढ़ती शिकायतों पर लगाम कसने के लिए राज्य की विष्णु देव साय सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री बनने के बाद किए गए वादे को पूरा करते हुए सरकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एक कड़ा मतांतरण विरोधी विधेयक पेश करेगी। यह सत्र 14 से शुरू होकर 17 दिसंबर तक चलेगा। राज्य सरकार ने धार्मिक स्वतंत्रता कानून बनाने के लिए ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों के अधिनियम का अध्ययन किया है। 52 बैठकें करके मसौदा तैयार करवाया है।

पांच पेज के ड्राफ्ट में 17 महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित विधेयक का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह की जबरदस्ती, धोखाधड़ी, प्रलोभन या दबाव के माध्यम से किए जाने वाले मतांतरण को रोकना है। सरकार का मानना है कि प्रदेश में प्रलोभन के जरिए मतांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसके कारण कानूनी हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। यह नया कानून वर्तमान छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1968 का स्थान लेगा, जिसमें जबरन मतांतरण के लिए सजा केवल एक साल और 5,000 जुर्माने तक सीमित थी।

### मुख्यमंत्री साय का स्पष्ट विजन

मतांतरण पर मुख्यमंत्री साय का स्पष्ट विजन है। उनका मानना है कि अशिक्षा, गरीबी को माध्यम बनाकर मतांतरण कराना गलत है। दो महीने पहले मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में रायपुर में हुई कलेक्टर्स-एसपी कान्फ्रेंस में स्पष्ट कर दिया गया था कि चंगाई सभा में प्रलोभन देकर मतांतरण कराने वालों पर निगरानी रखी जाए।

### कड़े किए गए प्रावधान, 10 साल की जेल

नए विधेयक में सजा के प्रविधानों को काफी सख्त किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित कानून में बिना सूचना के मत परिवर्तन करने या करवाने पर 10 वर्ष तक की कठोर सजा का प्रविधान किया जाएगा। मतांतरण करने से 60 दिन पहले संबंधित व्यक्ति या संस्था के लिए जिला प्रशासन को सूचना देना अनिवार्य होगा।

### परिभाषा

कानून में प्रलोभन और जबरन मतांतरण की परिभाषा को अधिक व्यापक और स्पष्ट बनाया जा रहा है, ताकि कानूनी खामियों को दूर किया जा सके।सामने आए 105 मामले : सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राज्य में पिछले दो सालों में मतांतरण के 105 मामले सामने आए हैं। वहीं, पिछले एक साल में ही 25 नए प्रकरण दर्ज किए गए हैं। प्रदेश में अब तक लगभग 50 मतांतरण के मामलों में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इन बढ़ती शिकायतों को देखते हुए ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सख्त कानून लाने का निर्णय लिया है, ताकि राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता को बल मिले और अवैध मतांतरण पर रोक लगाई जा सके।

### बढ़ता विवाद

राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्रों (जैसे बस्तर, जशपुर, रायगढ़) में बड़ी संख्या में आदिवासियों को ईसाई धर्म में शामिल कराने को लेकर गंभीर विवाद की स्थिति बनी हुई है। गुटीय संघर्ष, बस्तर के नारायणपुर जैसे क्षेत्रों में यह विवाद गुटीय संघर्ष का रूप ले चुका है, जिससे कई बार कानून-व्यवस्था बिगड़ती दिखी है।

### कानून व्यवस्था

मतांतरण करने वाले आदिवासियों और पारंपरिक आदिवासियों के बीच विवाद की स्थिति हैं। लक्ष्य- सरकार इन विवादों को टालने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और राज्य में जबरन या प्रलोभन-आधारित मतांतरण को रोकने के लिए कानूनी हस्तक्षेप आवश्यक मानती है।

# जिले ने प्रदेश में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य किया पूर्ण



राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इसके साथ ही राजनांदगांव जिले ने प्रदेश में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कराने का गौरव प्राप्त किया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 25 हजार 88 पात्र एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन का कार्य पूर्ण किया गया है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपए तक का अतिरिक्त निःशुल्क उपचार प्रदाय करने का प्रावधान है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड अंतर्गत 25088 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 18262 एवं शहरी क्षेत्र से 6826 हितग्राही शामिल है। छुरिया विकासखंड अंतर्गत 4768 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 4630 एवं शहरी क्षेत्र से 138 हितग्राही शामिल है। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 5122 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 4109 एवं शहरी क्षेत्र से 1013 हितग्राही शामिल है। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 4147 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 3696 एवं शहरी क्षेत्र से 451 हितग्राही शामिल है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 11051 पात्र हितग्राही पंजीकृत हुए है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 5827 एवं शहरी क्षेत्र से 5224 हितग्राही शामिल है।

# चाकूबाजी और मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी और मारपीट के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना में शामिल दो अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 4 दिसंबर गुरुवार को एक प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार युवराज राजपूत उर्फ दीप निवासी बजरंग चौक तुलसीपुर, सिद्धु सिविल लाइन और उनका एक साथी लोकेश ने प्रार्थी को चाकू दिखाकर जबरदस्ती डराया-धमकाया। 3 दिसंबर की बीती रात लगभग 11:30 बजे, आरोपी प्रार्थी को गाड़ी में बैठाकर ममता नगर रेलवे क्रासिंग के पास अंडर ब्रिज के पीछे ले गए। वहां उन्होंने दारू पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के, डंडे एवं चाकू से मारपीट कर चोट पहुंचाई।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई

इस रिपोर्ट के आधार पर, आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 742/25 के तहत धारा 119(2), 351(2), 3(5) बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस बल लगाया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया एक आरोपी

थाना प्रभारी गौतम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने न्यू सिविल लाइन निवासी सिद्धार्थ लहरे (पिता गोवर्धन लहरे, उम्र 21 वर्ष) को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपी सिद्धार्थ ने अपने साथियों के साथ जुर्म करना स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सिद्धार्थ लहरे को शुक्रवार 5 दिसंबर को विधिवत न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है। श्री गौतम ने आगे बताया कि घटना के बाद फरार हुए अन्य आरोपियों, युवराज राजपूत उर्फ दीप और लोकेश, की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री गौतम के साथ-साथ, प्रधान आरक्षक चंद्रेश सिन्हा, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रयंश सिंह, श्रीनिवास, लिलेन्द्र पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# आज 2 प्रकरणों में 17 लाख 45 हजार 920 रूपए मूल्य के 563.20 क्विंटल (1408 बोरा) अवैध धान जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 2 प्रकरणों में 17 लाख 45 हजार 920 रूपए मूल्य के 563.20 क्विंटल (1408 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 152 प्रकरणों में 5 करोड़ 88 लाख 48 हजार 726 रूपए मूल्य के 18983.46 क्विंटल (47459 बोरा) अवैध धान एवं 11 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 1 प्रकरण में 1 लाख 86 हजार रूपए मूल्य के 60 क्विंटल (150 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 15 लाख 59 हजार 920 रूपए मूल्य के 503.20 क्विंटल (1258 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 63 प्रकरणों में 3 करोड़ 35 लाख 89 हजार 120 रूपए मूल्य के 10835.20 क्विंटल (27088 बोरा) अवैध धान व 4 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 44 प्रकरण में 1 करोड़ 18 लाख 2 हजार 506 रूपए मूल्य के 3807.26 क्विंटल (9518 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 45 प्रकरणों में 1 करोड़ 34 लाख 57 हजार 100 रूपए मूल्य के 4341 क्विंटल (10853 बोरा) अवैध धान एवं 5 वाहन जप्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गए है। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

# गुजराती स्कूल में शतरंज और रक्तदान जागरूकता परीक्षा का सफल आयोजन, 90 छात्रों ने लिया भाग



राजनांदगांव (दावा)। गुजराती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में शतरंज एवं रक्तदान जागरूकता परीक्षा का आयोजन परीक्षा प्रभारी दिग्विजय महाविद्यालय अध्यक्ष बालकृष्ण कोमरे की अगुवाई में संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सुषमा शुक्ला के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र सोनी, लालचंद साहू, मंजेश झारिया, रितेश सोनकर की सहायता से यह परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुआ। परीक्षा में 9वीं से 12वीं तक के लगभग 90 छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र युवा मंच विगत 12 वर्षों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित विद्यालय तथा महाविद्यालयों में यह परीक्षा आयोजित करती है। परीक्षा में व्यापम की तर्ज पर ओ एम आर शीट आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते हैं। छात्र युवा मंच का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को भावी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के साथ बौद्धिक विकास एवं रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। संगठन के करीब 100 पदाधिकारी एवं 400 से अधिक सदस्य निरंतर इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

दिग्विजय कॉलेज अध्यक्ष बालकृष्ण कोमरे के अनुसार समाज में आज भी रक्तदान को लेकर अनेक भ्रांतियां फैली हुई है। जिसका निवारण आवश्यक है। रक्तदान जागरूकता का कार्य केवल एक संगठन तक सीमित नहीं होना चाहिए। अपितु इस नेक कार्य के लिए समाज में उपस्थित शिक्षित, जागरूक नागरिकों और विद्यार्थियों के पालकों को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। परिजनों को अपने छोटे बच्चों को शुरुआत से ही योग-व्यायाम का महत्व, बाहरी खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसान, हृदय रोग का खतरा, नशा से दूरी बनाए रखने एवं अच्छी संगति-बुरी संगति का फर्क करना सीखना आवश्यक है। गुजराती स्कूल में परीक्षा की समाप्ति के बाद दूसरे चरण में होने वाली ऑनलाइन परीक्षा जो कि शहर के अग्रणी कॉलेज दिग्विजय महाविद्यालय में 25 दिसंबर को आयोजित होनी है। इसकी सूचना बच्चों को प्रदान की गई। जिसमें 800 से अधिक बच्चे भाग लेने वाले हैं एवं महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में महाविद्यालयीन मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के कर कमलों द्वारा होना है।

### धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ का किया भौतिक सत्यापन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के नर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य, सहकारिता, पंचायत एवं कृषि विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ का भौतिक सत्यापन किया गया। धान उपार्जन केन्द्र तुमडीबोड़ में ऑनलाईन रिपोर्ट अनुसार जांच दिनांक तक कुल 361 किसानों से 20562 क्विंटल (51398 बोरा) धान खरीदी किया जाना पाया गया। संयुक्त जांच दल द्वारा धान खरीदी अनुसार उपार्जन केन्द्र प्रांगण में स्टेक किए हुए धान भरे हुए बोरों की गणना की गई। गणना में धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी से 1258 बोरा (503.20 क्विंटल) अधिक पाया गया।

# नाथूनवागांव प्राथमिक शाला में संकुल स्तरीय वार्षिक उत्सव सम्पन्न



**सिन्हा समाज महिला मंच जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा रहीं मुख्य अतिथि**

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला नाथू नवागांव में शाला प्रबंधन विकास एवं निगरानी समिति, समस्त शाला परिवार तथा ग्रामवासियों के तत्वावधान में संकुल स्तरीय वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिन्हा समाज महिला मंच की जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा की विशिष्ट उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकगणों द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्हा का शाल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का आधार है और सिन्हा समाज सदैव शिक्षा, सेवा और संस्कारों को सर्वोच्च मान्यता देता है। उन्होंने ग्रामीण अंचलों की शालाओं में शिक्षा के उत्थान को समाज का सामूहिक दायित्व बताया। उन्होंने कहा कि जनपद सदस्य के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने नाथू नवागांव क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। प्राथमिक शाला में चेकर टाइल्स, टिन शेड, बोर मशीन जैसी सुविधाओं का निर्माण ग्रामीणों और शाला परिवार के सहयोग से संभव हुआ है। उन्होंने शाला प्रबंधन एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि समाज और शाला परिवार यदि एकजुट होकर कार्य करें तो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्कृष्ट वातावरण तैयार किया जा सकता है। श्रीमती सिन्हा ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक दायित्वों से भी अवगत कराएं, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार, शिक्षित और समाजोपयोगी नागरिक बन सकें। इस अवसर पर जया तिमेश साहू, भुवाल साहू, सरपंच, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर.एल. पात्रे, दुलार नेताम (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति), रेखन वर्मा (शिक्षाविद), शाला स्टाफ एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार तथा ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए श्रीमती सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राजाभानपुरी में 26 से 28 दिसंबर तक दिव्य त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह



**स्व. उपराम साहेब की पुण्य स्मृति में होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। सद्गुरु कबीर साहेब की कृपा से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य त्रिदिवसीय दिव्य कबीर सत्संग समारोह राजा भानपुरी स्थित कबीर आश्रम में 26 से 28 दिसंबर तक श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन स्वर्गीय उपराम साहेब की पुण्य स्मृति को समर्पित है। सत्संग प्रेमियों और संत-भक्तों के लिए यह कार्यक्रम आध्यात्मिक ज्ञान, सद्विचार और आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा।

करिये नित सत्संग को, बाधा सकल मिटाय। ऐसा अवसर ना मिले, दुर्लभ नर तन पाय। इसी पावन भाव के साथ श्रद्धालुओं को सहपरिवार आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम 26, 27 एवं 28 दिसंबर को स्थान कबीर आश्रम राजा भानपुरी जिला राजनांदगांव समय प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा। मुख्य प्रवक्ता परमपूज्य सदुरू प्रभाकर साहेब कबीर आश्रम चेतनधाम कोटा राजस्थान और सहयोगी प्रवक्ता संत सुबोध साहेब कबीर आश्रम चेतनधाम कोटा संत गुरुबोध साहेब कबीर आश्रम चेतनधाम कोटा भूषण साहेब कबीर आश्रम खैरागढ़ पिपरिया होंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेवाराम साहू, खेमचंद साहू, रेमनदास, राजेन्द्रदास, जीवनदास, डॉ. लेखदास, संजय कुमार, भुवनदास, डिलेश्वर साहू, दुखदास, विजय कुमार, देवेश्वर, नितिन साहू, गिरधारी, दिनेश, भारत साहू, लुकेश्वर गुरुजी, पिताम्बर साहू, मिथलेश, कुलेश्वर, टीकम, ओमकार, लुमेन्द्र सहित समस्त साहड़ा परिवार उपस्थित रहेंगे। साहू परिवार की विशेष सहभागिता में ईश्वर, कमलेश, नरेश, लक्की, विकास, राहुल, लाकेश, सागर, देवव्रत, लकेश, पंकज, हरिश, रौनक, भावेश, मेहल, रावी साहड़ा, पूजा, आरती, वंदना, नेमा, हिमांशी, रचना, डॉली, चंचल, पूर्णिमा, निधि, लवली सहित समस्त साहू परिवार शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी रेवाराम साहू ने दी है।

# चार नए श्रम संहिता से बढ़ेगा कर्मचारी व मजदूरों पर शोषण: कमलजीत सिंह पिंट

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने चार नए श्रम संहिता को कर्मचारी व मजदूरों के लिए अनुचित बताया है। इन चार श्रम संहिता के चलते बढ़ती हुई महंगाई के दौर में कर्मचारी और मजदूरों का जीवन यापन मुश्किल हो जाएगा। वहीं कंपनी मालिक, ठेकेदार और एजेंसियों की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं रहने से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण होगा। इसलिए सरकार को तत्काल निर्णय लेते हुए इन चार नए श्रम संहिता को वापस लेना चाहिए।



**हित में सरकार से तत्काल वापस लेने की मांग**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने बताया कि देश में 29 श्रम कानून लागू था। इन कानूनों को श्रमिकों के 1886 में अमरीका के शिकागो में बहुत बड़े संघर्ष और कई मजदूरों की शहादत के बाद लागू किया गया था। जिसे खत्म कर भारत सरकार ने चार नए श्रम संहिता को लागू करने का निर्णय लिया है।

इन नए श्रम संहिता में श्रमिक संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता 2020 शामिल है। इन चारों नए श्रम संहिता से कर्मचारी और मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि नए श्रम संहिता के प्रावधान में मजदूरों को प्रतिदिन 8 के बजाय 12 घंटे काम करना पड़ेगा। अतिरिक्त काम का कोई ओवर टाइम नहीं मिलेगा। अधिकतम 40 मजदूर वाले कंपनी या ठेकेदार के लिए सरकार को किसी भी तरह की विवरणी देने की जरूरत नहीं होगी।

मालिक या ठेकेदार जब चाहे तब बिना सरकार को अवगत कराए कर्मचारियों की छंटनी कर बाहर निकाल देगा। नए श्रम संहिता में यूनियन बनाने के अधिकार को खत्म कर दिए जाने से मजदूरों को अपनी बात रखनेका अवसर नहीं मिल पाएगा। अपने हक के लिए मजदूर किसी तरह की लड़ाई नहीं लड़ सकेंगे। कमलजीत पिंटू ने कहा कि नए श्रम संहिता के माध्यम से सरकार ने कापोरेंट वर्ग को फायदा पहुंचाने का काम किया है। पहले तालाबंदी और कर्मचारियों की छंटनी के लिए कंपनी को सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी, लेकिन नए श्रम संहिता में इस नियम को शिथिल कर दिए जाने से कंपनी मालिक और ठेकेदार की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं रहेगा। आउटसोर्सिंग और ठेके में काम करने वाले मजदूरों का समूह नियमित कर्मचारियों के साथ समर्पित भाव से उत्पादन और लाभ दिलाने में योगदान देता है। इन नए श्रम संहिता से प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर दोनों के कर्मचारियों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

# बाल मधुमेह की रोकथाम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। बच्चों में मधुमेह टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का विशेष दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरक है। कार्यशाला में सभी स्वास्थ्यकर्मियों को टाइप-1 डायबिटीज (बाल मधुमेह) का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव और इसकी जल्द से जल्द पहचान, उसके अनुरूप इलाज और विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ताकि वे अपने-अपने स्तर पर बेहतर सेवाएं प्रदान कर सके। मुख्य रूप से टाइप-1 डायबिटीज की पहचान, उपचार व प्रबंधन, काउंसलिंग, रोगी सहायता समूह की भूमिका, समुदाय आधारित जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य तथा पारिवारिक सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग और स्वास्थ्य विशेषज्ञ यूनिसेफ डॉ. गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यूनिसेफ की टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों का प्रशिक्षण में शत प्रतिशत सहभागिता, निकट भविष्य में रोगियों के लिए विशेष लाभकारी होगा। कार्यशाला में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश जंघेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला एनसीडी सलाहकार डॉ. विकास राठौर, सचिवालय सहायक श्रीमती प्रियल कश्यप, सचिवालय सहायक हरीश वैष्णव और यूनिसेफ टीम का विशेष सहयोग रहा।

## अनमोल दावा

**समर्थन और विरोध विचारों का होना चाहिए, व्यक्ति विशेष का नहीं।**

# सत्ता संघर्ष में फंसी कर्नाटक कांग्रेस

कांग्रेस आलाकमान की समस्या यह है कि कोई भी फैसला जोखिम मुक्त नहीं। इस आशंका से इन्कार नहीं कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने की स्थिति में सिद्दरमैया भाजपा से दोस्ती कर लें। वह मूलत~ कांग्रेसी नहीं हैं। लोकदल की पृष्ठभूमि वाले सिद्दरमैया जनता दल (सेक्युलर) में भी रह चुके हैं। एचडी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी से टकराव के चलते उन्हें कांग्रेस में आना पड़ा।

मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने और पाने के लिए संघर्षरत दो नेताओं को चार दिन में दो बार साथ-साथ नाश्ता करना पड़े तो कर्नाटक की सत्ता-राजनीति में सब कुछ सामान्य नहीं माना जा सकता। माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान की सलाह पर मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अपने जगजाहिर सत्ता संघर्ष को च्ब्रेकफास्ट डिप्लोमेसीज् से छिपाने में लगे हैं। मई 2023 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने सिद्दरमैया कार्यकाल की आधी अवधि पूरी कर चुके हैं और शिवकुमार चाहते हैं कि अब उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए। चर्चा है कि 2023 में दोनों के ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री रहने का फार्मूला आलाकमान ने बनाया था।

ऐसी चर्चाएं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी सुनने में आई थीं। 2018 में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के च्हाथज् छोड़ च्कमलज् थाम लेने के चलते जल्दी ही गिर गई थी, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारें सत्ता में वापसी नहीं कर पाईं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और सचिन पायलट ने आलाकमान को ढाई-ढाई साल कुर्सी का फार्मूला याद दिलाया था, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। हां, अगले चुनाव में दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर अवश्य हो गई।

सिद्दरमैया और शिवकुमार नेतृत्व के मुद्दे पर आलाकमान का फैसला च्अंतिमज् होने की बात कह रहे हैं। आलाकमान के दिल्ली बुलावे का इंतजार दोनों को है। सिद्दरमैया मंत्रिमंडल में फेरबदल की मंजूरी चाहते हैं, ताकि नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगे, जबकि शिवकुमार ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्रित्व का वादा याद दिलाना चाहते हैं। आलाकमान खुद को च्इधर कुआं, उधर खाईज् वाली स्थिति में पा रहा है। 77 साल के सिद्दरमैया के मुकाबले 63 साल के शिवकुमार युवा हैं, पर क्या वह मुख्यमंत्री बनने के लिए अगले चुनाव तक इंतजार करना चाहेंगे?

ध्यान रहे कांग्रेस की अंतर्कलह के बीच भाजपा दक्षिण भारत में अपना दुर्ग रहे कर्नाटक को वापस पाने की ताक में है। साधनसंपन्न शिवकुमार कांग्रेस के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाते रहे हैं। प्रश्न है कि यदि उपयोगिता के बावजूद आलाकमान ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्रित्व का अपना कथित वादा नहीं निभा पाता, तब क्या शिवकुमार इंतजार करने के बजाय ज्योतिरादित्य सिंधिया बनना पसंद नहीं करेंगे? ध्यान रहे कि अधिकांश नेता सिर्फ सत्ता के सगे होते हैं। कांग्रेस आलाकमान की समस्या यह है कि कोई भी फैसला जोखिम मुक्त नहीं। इस आशंका से इन्कार नहीं कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने की स्थिति में सिद्दरमैया भाजपा से दोस्ती कर लें। वह मूलतः कांग्रेसी नहीं हैं। लोकदल की पृष्ठभूमि वाले सिद्दरमैया जनता दल (सेक्युलर) में भी रह चुके हैं। एचडी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी से टकराव के चलते उन्हें कांग्रेस में आना पड़ा।

224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस के 135 विधायक हैं तो भाजपा और जद-एस के क्रमश~ 66 और 19 विधायक। चार अन्य भी सत्ता के साथ गिने जा सकते हैं। दो-ढाई दर्जन विधायक भी पाला बदल लें तो च्खेलज् हो जाएगा। दलबदल कानून की चिंता इसलिए नहीं कि विधायकों के इस्तीफे से सदन की प्रभावी संख्या कम कर बहुमत का आंकड़ा नीचे लाने का जुगाड़ कर्नाटक में पहले भी आजमाया जा चुका है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है, लेकिन राजनीतिक संकट के समाधान के लिए दोनों पक्ष नेहरू-गांधी परिवार की ओर ही ताक रहे हैं। 2023 के चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक की सत्ता इसलिए हासिल कर पाई, क्योंकि विभाजित भाजपा के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावनाओं को भुनाने के लिए सिद्दरमैया और शिवकुमार समेत सभी नेता एकजुट थे। कर्नाटक की चुनावी राजनीति तीन प्रमुख समुदाय तय करते हैं~ लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरबा। शिवकुमार कर्नाटक की दूसरी प्रमुख जाति वोक्कालिगा से हैं तो सिद्दरमैया तीसरी प्रमुख जाति कुरबा से। सर्वाधिक असरदार समुदाय लिंगायत येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाने के चलते पिछले चुनाव में भाजपा से नाराज दिखा था। भाजपा ने वोक्कालिगा समुदाय के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के जद-एस से गठबंधन कर नुकसान की भरपाई करनी चाही, पर सत्ता विरोधी भावना से लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों तक तमाम परिस्थितियां उसके विरुद्ध साबित हुईं। शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में थे, पर सामाजिक-राजनीतिक समीकरण साधते हुए आलाकमान ने सिद्दरमैया की ताजपोशी का फैसला किया। शिवकुमार कांग्रेस के लिए राजनीतिक-आर्थिक रूप से बेहद उपयोगी हैं, तो सिद्दरमैया खुद को कांग्रेस के लिए अपरिहार्य बनाना चाहते हैं। क्षत्रपों की मनमानी से अतीत में राज्य-दर-राज्य हुए नुकसान से कांग्रेस आलाकमान ने इतना सबक तो सीख ही लिया है कि किसी भी क्षत्रप को पार्टी के लिए अपरिहार्य न बनने दे, लेकिन वैसा होने से रोकने के लिए वह जरूरी साहस अभी तक नहीं दिखा पाया है। राहुल गांधी ओबीसी-दलित वर्ग को वापस कांग्रेस से जोड़ने की कवायद में लगे हैं और सिद्दरमैया ओबीसी ही हैं, जबकि शिवकुमार अगड़े वर्ग से हैं। इसलिए दोनों के बीच के सत्ता-संघर्ष में आलाकमान मल्लिकार्जुन खरगे के रूप में सुरक्षित मध्य मार्ग भी चुन सकता है, जो दलित हैं।

**दीवार में एक खिड़की रहती थी: कथानक विश्लेषण-5**

# नायक-नायिका का प्रेम-प्रसंग और उपन्यासकार की शैली



डॉ. शंकर मुनि राय

**रघुवर प्रसाद को भोजन कराने के बाद सोनसी उधर से पैदल ही इस उम्मीद से घर लौटती है कि यदि रास्ते में कोई सवारी मिल जाएगी तो वह उस पर बैठकर चली जाएगी। सोनसी के लौटने के बाद विभागाध्यक्ष अपने विभाग में पड़ी एक लावारिस सायकिल की ओर इशारा करते हुए रघुवर प्रसाद से कहते हैं कि जब तक पता नहीं चल जाता कि यह किसकी है, वे इसी से महाविद्यालय आना-जाना करें। रघुवर प्रसाद उसी सायकिल से घर लौटते हैं तो सोनसी उन्हें रास्ते में ही पैदल चलते मिलती है। वे उसे सायकिल के हैंडल पर आगे बैठाकर घर वापस लौट जाते हैं। इस प्रसंग को उपन्यासकार ने उन्मुक्त श्रृंगार में इस प्रकार लिखा है-**

''सोनसी के बालों के कारण रघुवर प्रसाद की नाक में जोर की सुरसुरी हुई और छींक आ गई। छींक आने से साइकिल डगमगा गई थी।

''क्या हुआ?'' सोनसी ने पूछा।

''तुम्हारे बालों से नाक में सुरसुरी हुई और छींक आ गई।''

सोनसी ने दाहिने हाथ से सिर पर पल्लू रख लिया कि बाल ढंक जाएं।

'' अब ठीक है?''

''छींक आने से अच्छा लगा था। एक बार और आ जाती तो ठीक था।''

एक हाथ से रघुवर प्रसाद ने सोनसी के पल्लू को नीचे किया। सोनसी के बालों से रघुवर प्रसाद की नाक में फिर सुरसुरी होने लगी। अबकी बार वे बहुत जोर से छींके। सायकिल जोर से डगमगाई। वे लंबे थे इसलिए पैर से साइकिल संभल गई।

उधर महाविद्यालय छूटने के समय साधु हाथी लेकर वहां रघुवर प्रसाद को लेने पहुंचा तो पता चला कि वे आज साइकिल से चले गए। इतना ही नहीं दूसरे, तीसरे दिन भी रघुवर प्रसाद सायकिल से आने जाने लगे और साधु रोज उन्हें अपने साथ ले जाने के लिए आता-जाता रहा।

रघुवर प्रसाद को महाविद्यालय ले जाने और वहा से घर वापस ले आने के पीछे साधु का मकसद अंत तक रहस्य बना रहता है। एक दिन तो साधु हाथी को रघुवर प्रसाद के घर के सामने छोड़कर थोड़ी देर के लिए गली में किसी से मिलने चला जाता है, तो सोनसी को चिंता हो जाती है कि हाथी यहां अकेले कैसे आ गया।

इस अध्याय में खिड़की के बाहर पगडंडी के टपरी पर चाय बनाने वाली एक बूढ़ी अम्मा का एक अनोखा परिचय मिलता है कि वह अम्मा नदी के तल में छुपे सोने के कणों के लिए रेत छानने का काम करती है। इस प्रकार उसके पास सोने का एक जोड़ा कड़ा सुरक्षित है, जिसे वह एकदम से सामान्य भाव से एक दिन सोनसी को उपहार के रूप में भेंट कर देती है। यह प्रसंग एकदम सामान्य-सा है, इस प्रकार-

''बुढ़ी अम्मा ने काली चिक्कट कठुआ की पेटी में से कपड़े से बंधी एक पोटली निकाली। वह सोनसी के सामने नीचे बैठ गई। उसने पोटली खोली। एक जोड़ी सोने के कड़े थे। बूढ़ी अम्मा ने सोनसी को कड़े पहनाए। कड़े पहन कर चोरी-चोरी कड़े को देखते हुए सोनसी ने पूछा-अब जाऊं?

''जाओ।'' सुनते ही गीले कपड़े उठाते हुए सोनसी उछलते-कूदते भाग गई।''

सोनसी के हाथ में सोने का कड़ा बहुत सुंदर लग रहा है, अथवा उससे सोनसी का सौन्दर्य बढ़ जाता है। नारी सुलभ स्वभाव से वह अपने पति को दिखाकर उन्हें चौंकाने का अवसर तलाश रही है, पर रघुवर प्रसाद महाविद्यालय से लौटने के बाद भी बच्चों को पढ़ाने में इतना व्यस्त रहते हैं कि वे सोनसी के लिए एकांत अवसर ही नहीं दे पाते हैं। एक दिन सोनसी पीले रंग की नई साड़ी और कड़े पहनकर रघुवर प्रसाद को आकर्षित करने का प्रयास करती है। प्रसंग इस प्रकार है-

''रघुवर प्रसाद ने पीछे मुड़कर देखा। रघुवर प्रसाद को खड़ा देख सोनसी सजी-धजी पानी का गिलास लिए बढ़ी। सड़क पर कोई नहीं दिख रहा था। इधर-उधर के दो-तीन खंभों के नीचे विद्यार्थी पढ़ते हुए दिख रहे थे। बीच सड़क पर सोनसी ने रघुवर प्रसाद को गिलास दिया। रघुवर प्रसाद ने पूरा पानी पिया।

तब भी गिलास की तली में कुछ बूंद पानी बचा था। उस पानी को सोनसी ने ऊपर से मुंह में डाल लिया। रघुवर प्रसाद के बचे पानी को सोनसी इसी तरह पी लिया करती थी। रात के सन्नाटे में सारा बाहर इनके घर की तरह लग रहा था। जब सोनसी ने पानी पिया तो रघुवर प्रसाद ने कड़े को देखा और सोनसी को देखा।

''कड़ा किसने दिया?''

''बूढ़ी अम्मा ने।'' खुश होकर उसने कहा।''

उसके बाद सोनसी रघुवर प्रसाद को जल्दी से घर आने का आग्रह कर स्वयं घर लौट जाती है। जब रघुवर प्रसाद घर लौटते हैं, तब सोनसी अपने घर में नहीं मिलती है। इस प्रसंग में थोड़ी देर के लिए पाठक को चिंता हो सकती है, पर घटना एकदम सामान्य-सी है कि सोनसी खिड़की से निकल कर नदी-तालाब की ओर चली गई है। ध्यान देने की बात है कि समय रात्रि का है। फिर रघुवर प्रसाद भी खिड़की से कूदकर उधर ही प्रस्थान कर जाते हैं। आगे का प्रसंग बहुत ही रोमैंटिक है-

''एक बड़ी, चौरस, काली, चिकनी चट्टान पर लेटी सोनसी चंद्रमा के निकलते ही दिखी। पीली हल्दी साड़ी की चांदी की प्लास्टिक जरी चंद्रमा के प्रकाश की किनार लगी साड़ी लग रही थी। चांदी की पैरपट्टी चंद्रमा के प्रकाश से बनी पैरपट्टी थी। चांदी के बाले चंद्रमा के प्रकाश से बने कान में थे।

दूसरे कान में छोटी-सी कनफुल्ली जो अम्मा ने दी थी, वह सुनहरे प्रकाश बिंदु की फुल्ली थीं। हाथ में सोने के कड़े भारी सुनहरे प्रकाश से बने लग रहे थे। इसके अलावा भी सोनसी का शरीर कहीं-कहीं इतना रह-रहकर प्रकाशित होता था कि वह भी चंद्रमा के प्रकाश के गहने से सजा हुआ लगता था। रघुवर प्रसाद ने देखा कि चार जुगनू सोनसी के पोलका के अंदर फंसे हुए निकलने की कोशिश कर रहे थे। पोलका पीले छींट का था।

उसमें छोटे-छोटे फूल बने थे। रघुवर प्रसाद सोनसी के कुछ समीप आये तो उसने रघुवर प्रसाद को आंख खोलकर देखा। वह आंख खोलकर गहरी नींद में जागी हुई थी। रघुवर प्रसाद सोनसी के पास इस तरह आये जैसे स्वप्न में आये हों फिर स्वप्न...

आगे अगले शनिवार के अंक में...

## विचार सरिता

# वायरल ज्ञान: सुनसान रात और बाइक पर बैठी लड़की का अपने गंतव्य को सफर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आजकल ठगी, झूठ, दिखावे की प्रवृत्ति, हिंसा, ईर्ष्या और वैमनस्य की खबरें इतनी आ रही हैं कि ईमानदारी की कोई खबर या अपना नैतिक दायित्व निभाने की कोई असाधारण खबर या तो सामने ही नहीं आ पाती है, या अगर सामने आए तो सुर्खियां नहीं बटोर पाती है। ऐसी खबर हाशिये पर ही रह जाती है। वैसे कई प्रेस मीडिया संस्थान ऐसी उत्साहवर्धक खबरों को भी प्रमुख स्थान देने की अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हैं।

यह वायरल खबर देश के साइबर मेट्रो बेंगलुरु से आई, जहाँ आधी रात रैपिडो बाइक सवार ने विपरीत परिस्थिति में भी अकेली लड़की आशा को 38 किलोमीटर दूर उसके घर पहुंचाया। रात पौने बारह बजे बेंगलुरू की खाली हो चुकी सड़क पर आशा रैपिडो राइड बुक करती है। महिलाओं के विरुद्ध अपराध की लंबी फेहरिश्त के कारण शायद पहले पहल उसे भी विश्वास नहीं रहा होगा कि वह इतनी रात में सुरक्षित घर पहुंच जाएगी। रास्ते में सुनसान सड़क पर बाइक की चेन टूट गई। सुनसान सड़क पर रात में कोई दूसरा वाहन मिलना मुश्किल था।

किसी वेहिकल रिपेयरिंग शॉप के तो खुले रहने का प्रश्न ही नहीं था। फोन की बैटरी 6त्न बची थी। उस बाइक वाले ने फिर भी भरोसा दिलाया कि वह आशा को सुरक्षित घर छो? देगा। बाइक चालक ने लगभग 10 मिनट के प्रयास के बाद स्वयं बाइक ठीक करने में सफलता प्राप्त की। इस दौरान आशा टॉर्च दिखाती रही। अंततः आशा रात को एक बजे अपने घर सुरक्षित पहुंची।

इस देश में जहाँ भूखे भेड़िये की तरह महिलाओ पर कुदृष्टि रखने वाले अनेक नरपिशाचों के पाशविक कृत्य के समाचार आते ही रहते हैं, जहाँ सुनसान रात क्यों, कई बार महिलाएँ दिन के उजाले में भी भरे चौक-चौराहों पर भी नारी देह को स्कैन करती बेशर्म निगाहों और छेड़छाड़ की शिकार हो जाती हैं, वहाँ बेंगलुरु से मिली यह खबर अत्यंत सकारात्मक और प्रेरक है। उस बाइक वाले द्वारा विपरीत परिस्थिति में भी इंसानियत की मिसाल और आशा द्वारा व्यक्त किया गया विश्वास, दोनों वंदनीय है।

## शब्द सामर्थ्य - 249

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू- दोकू क्र. 249

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

### उन्नत जीवन का मंत्र : कड़ी मेहनत

बानी बोले-''आज सुनिए गजाधर!
उत्साहवर्धक खबर -
जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री
साने ताकाइची का
शार्ट एण्ड स्वीट नारा
'वर्क, वर्क एण्ड वर्क'।
यह नारा, साल का सबसे चर्चित नारा
अपने आप बन गया है।
इस नारे को एक निजी समिति ने
साल का 'कैच फ्रेज' घोषित किया है।
मालूम गजाधर !
इस नारे को सुनकर
मुझे एकाएक आ गई याद
हमारे देश के मिसाइल मैन
पूर्व उपराष्ट्रपति अब्दुल कलाम की बात।
उन्होंने कहा था, आदमी की उन्नति के लिए,
आदमी की तरक्की के लिए,
तीन बातें जरूरी हैं -
पहला हार्ड वर्क, दूसरा हार्ड वर्क
और तीसरा हार्ड वर्क।''
गजाधर मुस्कराए, बोले - ''बानी!
जापान की साने ताकाइची और
हमारे भारत के अब्दुल कलाम ने
एकदम ठीक कहा है।
ऐसई कथन, अटल बिहारी बाजपेयी
विश्वविद्यालय के छठवें
दीक्षान्त समारोह में, पूर्व राष्ट्रपति
रामनाथ कोविन्द का भी रहा है
कि अपने लक्ष्य की प्राप्त करने के
लिए, कड़ी मेहनत करें।''
शुक्रवार 5 दिसम्बर 2025



गिरीश बख्शी

## कविता

### //अजर-अमर आशीष//

मैं जला हुआ राख नहीं, अमरदीप हूं,
जो मिट गया वतन पर, मैं वो शहीद हूं,
मेरा नाम ही नहीं, मैं भारत मां का आशीष हूं।
वीरता का मिला था आशीर्वाद, मैं अजर-अमर हूं फौलाद,
कितने इश्क लिख गए, कितने इश्क सिखा गए,
असली इश्क क्या होता है, भारत मां के वीर आशीष सिखा गए...।
शेरनी शर्मिला शर्मा की कोख से,भारत धरा पर पैदा हुए संयोग से,
मां भारती का था मैं आशीष, निर्भीक, निडर, नरसिंह नरसिंहपुर से।
मां-जननी तेरे दूध का कर्ज उधार रहा,
भारत मां की खातिर फर्ज निभाने,
तेरे आशीष से भारत मां की है शान,
मैं अजर-अमर हूं तू सदा कर अभिमान।
मैं था आशीष, भारत मां का शीश,
मैं रहूं या ना रहूं, हमेशा तिरंगे की शान रहे,
मेरी जान भले जाए, ना झुके भारत मां की शीश।
वीरता का था पर्याय, नहीं था कोई तोड़,
साहस, हिम्मत, रणनीति आशीष था बेजोड़,
सटीक, अचूक निशाने से, दुश्मन का कमर देता तोड़।
जिक्र अगर हीरो का होगा, तो नाम शहीद आशीष शर्मा वीर का होगा,
फिक्र अगर मां का होगा, तो याद हमेशा आशीष का होगा।
नक्सलवाद के लिए, भय का था प्रतीक,
नाम से ही रूह कांपे, योजना भी
रहता सटीक, अजर-अमर रहे भारत
मां का शर्मा आशीष।।

रामलाल साहू,
कलेवा, राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामले में अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आप आज शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग करेंगे और प्रॉपर्टी को लेकर भी कोई डील फाइनल हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलें।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें उन्हें जीत अवश्य मिलेगी। आपको बाहर के खाने पीने से परहेज रखने की आवश्यकता है। माताजी के आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी की काम को लेकर योजना बनाकर चलें, क्योंकि आपकी सेहत में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचानने की आवश्यकता है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से अटकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा। आप अपनी इन्कम को लेकर थोड़ा सावधान रहें और किसी को धन उधार देने से बचें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप समय बिताएंगे और आप जीवनसाथी से कुछ जरूरी मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं, लेकिन सांसारिक सुखभोग के साधनों में वृद्धि होगी। यदि पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर कोई कड़वाहट चल रही थी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आज आपके काम में कुछ गुप्त शत्रु उत्पन्न होंगे, जो आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। राजनीति में आपको आपके कामों के लिए किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने के प्लानिंग करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। यदि आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड न रहें, तो वह उनकी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। जीवनसाथी को आप कही घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके सामने कुछ अनचाहे खर्च आ सकते हैं, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। रोजगार के तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो वह कर सकते हैं। यदि आपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप की।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी बात को लेकर क्रोध करने से बचना होगा। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। बिजनेस में अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या लंबे समय से घिरे हुए थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है और आपको किसी कानूनी मामले में अच्छा खासा खर्च करना होगा, उसके बाद ही आपको सफलता हासिल होगी। आपको बिजनेस में मुताबिक काम मिल सकता है।

# विधायक श्रीमती बघेल ने धान खरीदी केंद्र में पकड़ी बड़ी अनियमितता, प्रबंधक पर जमकर बरसीं



डोंगरगढ.(दावा)।विधानसभा क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गुरुवार को धान खरीदी व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बैहाटोला, आमदानी, ईटार और पांडादाह धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान, पांडादाह धान खरीदी केंद्र में उन्हें कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। जिसके बाद विधायक हर्षिता स्वामी बघेल प्रबंधक पर जमकर बरसीं और तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बघेल ने पाया कि केंद्र की अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसानों को धान बेचने के लिए टोकन लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं। केंद्र प्रबंधक रजिस्टर को सही ढंग से मेंटेन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे टोकन वितरण प्रक्रिया और धीमी हो रही है। इस लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### लक्ष्य से कम खरीदी

विधायक ने हैरानी जताई कि धान खरीदी का निर्धारित लिमिट होने के बावजूद भी किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा है, जिससे किसान अपनी उपज बेचने के लिए चिंतित हैं।

विधायक ने प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाते हुए तुरंत सभी अनियमितताओं को दूर करने और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी भी हाल में परेशान नहीं होना चाहिए और धान खरीदी में पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए। उक्त निरीक्षण में उपस्थित सुरजीत सिंह ठाकुर, कमलेश वर्मा, देवकांत यदु, तेजराम वर्मा, रिंकू महोबिया, समस्त कांग्रेसीगण, अधिकारी एवम् ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विधायक भोलाराम ने ग्राम बिटाल में लोककला मंच का भव्य लोकार्पण किया



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम बिटाल (छुरिया)। ग्राम पंचायत बिटाल में आज सांस्कृतिक उमंग और उत्साह के बीच लोक कला मंच का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू रहे। लोकार्पण के अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक साहू का गरमजोशी से स्वागत किया। मंच के शुभारंभ से क्षेत्र के नन्हे बाल कलाकारों, महिलाओं और सांस्कृतिक दलों में विशेष उत्साह का वातावरण बना रहा। यह लोक कला मंच ग्रामीण प्रतिभाओं को नया मंच प्रदान करने के साथ-साथ क्षेत्र की पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान देगा। अपने उद्बोधन में विधायक भोलाराम साहू ने कहा-'ग्रामीण क्षेत्रों की सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। लोक कला मंच इसके संरक्षण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।' कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया), राजू सिन्हा (अध्यक्ष, कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया), श्रीमती भेष बाई साहू (जनपद सदस्य), श्रीमती मंजू गेंदलाल साहू (सरपंच ग्राम पंचायत बिटाल), गजेंद्र दास वैष्णव (ग्राम पटेल), बरातूराम कंवर (उपसरपंच), चिरंजीव साहू, जीवराखन कोर्राम, बिलेस ठाकुर, संतराम कोर्राम, पूर्व सरपंच कौशल गोपाल साहू, पंचगण, बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला समूह एवं युवा उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर जोर, विष्णु लोधी ने पीडब्ल्यूडी एवं जनप्रतिनिधियों से तत्काल संज्ञान लेने की अपील



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोगरगढ़ क्षेत्र के जर्जर हो चुके ग्रामीण मार्गों के सुधार और नए निर्माण को लेकर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पीडब्ल्यूडी विभाग तथा जनप्रतिनिधियों से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। लोधी ने कहा कि जिस प्रकार मोहारा-सुकुलदैहान मार्ग को लंबे समय बाद विभाग ने संज्ञान में लेकर लगभग 31 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है, उसी प्रकार अन्य मार्गों का भी तत्काल सुधार अनिवार्य है।

विष्णु लोधी ने बताया कि पुरैना-नवागांव मार्ग, पुरैना-सहसपुर मार्ग, चैतूखपरी-विष्णु मार्ग तथा खुर्सीपार-सेम्हरा गातापार मार्ग लंबे समय से खराब हालत में हैं। उन्होंने कहा कि इन मार्गों से होकर प्रतिदिन किसानों, विद्यार्थियों, मजदूरों तथा मरीजों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। और जोकि जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ता है। लोधी ने कहा कि सड़कें किसी क्षेत्र की जीवनरेखा होती हैं। एक अच्छी सड़क न केवल आवागमन को सरल बनाती है, बल्कि शिक्षा, खेती, व्यापार और आपातकालीन सेवाओं पर भी सीधा असर डालती है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों की स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने तथा धनराशि स्वीकृत कराने की जरूरत है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्वयं इन मार्गों के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। लोधी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की यह मांग वर्षों से लंबित है। क्षेत्रवासियों के अनुसार सड़क निर्माण होने से स्थानीय गांवों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। वहीं किसानों एवं विद्यार्थियों को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

## पहला कॉलम...

# रजत जयंती दिवस पर हरियाली की राहः वन विभाग ने कराया वृक्षारोपण अभियान



खुज्जी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव चारभाठा परिसर में वन विभाग परिक्षेत्र खुज्जी द्वारा रजत जयंती समारोह के अंतर्गत 'एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम' विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विद्यालय के विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा वन विभाग के अधिकारी एकत्रित हुए। सभी ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया और यह संकल्प लिया कि वे इन पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें सुरक्षित व संरक्षित रखेंगे ताकि भविष्य में यह हरे-भरे वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन में योगदान दे सकें। इस अवसर पर प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल प्रवीण देहारे एवं मीनाक्षी गणवीर ने विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, बढ़ते प्रदूषण के खतरे और वन संरक्षण से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति यदि हर वर्ष एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बीट फॉरेस्ट ऑफिसर दिलीप देवांगन, अविनाश साहू, नेमचंद मेरिया, कमलेश जांगड़े सहित वन विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में लगभग निर्धारित क्षेत्र में पौधारोपण कर रजत जयंती समारोह को पर्यावरण संरक्षण के रूप में सार्थक बनाने की पहल की। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने वन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि ऐसे संयुक्त प्रयास लगातार होते रहेंगे। जिससे क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण जागरूकता दोनों का विस्तार होता रहेगा।

# मनकी में ग्राम पंचायत भवन का हुआ भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पंचायत मनकी में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित रही। इस दौरान सरपंच अनामिका लीलचंद यादव, सचिव रोहित साहू, उपसरपंच नोखेलाल ठाकुर आदि द्वारा ग्राम में निर्माण होने जा रहे पंचायत भवन भूमि पर कुदाल चलाकर विधि-विधान के साथ पूजा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पंचगण त्रिवेणी उईके, पुष्पा ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष पन्नालाल निषाद, ग्रामीण पटेल, बुधन लाल ठाकुर, सेवाराम साहू, चंदूलाल साहू, भगवान साहू, चिंताराम ठाकुर, मकसूदन ठाकुर, राकेश साहू व बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों में खुशियां बिखरी रही। भूमिपूजन उपरांत लोगों में प्रसादी वितरण किया गया।

# मटिया में युवक ने किया कीटनाशक सेवन, हुई मौत



डोंगरगांव (दाव)। नगर पंचायत क्षेत्र के मटिया वार्ड में टालेश पिता नारद मंडावी 26 वर्ष ने गुरूवार 4 दिसंबर को तड़के किसी बात को लेकर नाराज होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया। जहां उसे नहीं बचाया जा सका। इस मृतक का पोष्टमार्टम राजनांदगांव में करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। बता दें कि मृतक टालेश अपने परिवार का इकलौता लड़का था। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मटिया के मुक्तिधाम में 5 दिसंबर शुक्रवार को किया गया।

# किलापारा में युवक ने लगायी फांसी



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र किलापारा में एक किरायेदार ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता योगेश पटेल का भाई मृतक पवन पटेल पिता फगनू पटेल 30 वर्ष शहर के किलापारा में किराये के मकान में निवासरत था। वहीं किसी बात को लेकर परिवार में वादविवाद के बाद 5 दिसंबर शुक्रवार को संध्या 4 बजे एक कमरे में पंखे के हुक में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डोंगरगांव पुलिस ने पंचनामा कर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है और शव को 6 दिसंबर को पोष्टमार्टम पश्चात परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

# हाईवे सुरक्षा पर सोमनी पुलिस सख्त : ढाबों पर अवैध शराब और अनियमित पार्किंग पर होगी कड़ी कार्रवाई



**ढाबा संचालकों की बैठक लेकर समय सीमा, सीसीटीवी और पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत**

राजनांदगांव(दावा)। थाना सोमनी क्षेत्र में हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए दिनांक 5 दिसंबर को थाना परिसर में होटल एवं ढाबा संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी, निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव ने बैठक ली।

बैठक में ढाबा संचालकों को साफ और सख्त निर्देश दिए गए। उन्हें हिदायत दी गई कि देर रात तक ढाबा चालू नहीं रखा जाए। ढाबा परिसर में किसी भी सूरत में शराब का सेवन नहीं करवाया जाए और शराब पीकर आने वालों का प्रवेश निषेध किया जाए। ढाबा के सामने मुख्य सड़क (रोड) पर वाहन कतई खड़े न करें। सभी ढाबों को अनिवार्य रूप से आने-जाने वाले वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था करनी होगी। ढाबों में आवश्यक हेल्प लाइन नंबरों का फ्लैक्स लगाया जाए और ढाबों तथा सड़क की ओर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि ढाबा संचालकों को असामाजिक तत्वों के संबंध में त्वरित सूचना पुलिस को देनी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ढाबा या उसके आसपास अवैध रूप से शराब पिलाए जाने अथवा हाईवे से सटाकर वाहन खड़ा किए जाने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित ढाबा संचालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# जिले में धान की खरीदी महाभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान की खरीदी महाभियान के लिए किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है।

# मोहला-मानपुर में विकास के लिये 34.50 लाख के निर्माण कार्यो की मंजूरी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर में अब विकास कार्यों की रफ्तार और तेज होगी। जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा की मांग पर उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र विकास निधि से कुल 34.50 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में जिला प्रशासन को दिशा-निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के लिए प्रस्तावित निर्माण कार्यों की सूची जिला भाजपा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि दिलीप वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई थी। जिसके बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अनुमोदन देते हुए निम्न कार्यों को स्वीकृति दी है। स्वीकृत निर्माण कार्य में सीसी रोड निर्माण देवरसुर अं. चौकी मां देवी दुर्गा मंदिर से गांव तक 8.50 लाख, सीसी रोड निर्माण दौड़के अं. चौकी (रामलाल पाटिल के घर से पंचायत भवन तक) 10.00 लाख, सीसी रोड निर्माण मानपुर, मानपुर (कोमेटी निवास से होरीलाल शोरी निवास तक) 8.00 लाख, मंच व आहता निर्माण डब्बा परसगांव मानपुर 3.00 लाख, सीसी रोड निर्माण चिचवाही (गदोमी) मानपुर (संतराम के घर से मुख्य मार्ग तक) 5.00 लाख कुल मिलाकर 34.50 लाख रुपये की इन परियोजनाओं से क्षेत्र में सड़क सुविधाएं बेहतर होंगी तथा ग्रामीण गतिविधियों को सहयोग मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि अनुमोदित कार्यों को नियमानुसार त्वरित रूप से पूरा किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस स्वीकृति के लिए जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# खैरझिटी में कलार समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया सहस्त्र बाहु अर्जुनदेव जयंती



**सामुदायिक भवन के लिए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने 10 लाख की घोषणा की**

खैरझिटी (दावा)। जिला पंचायत सभापति श्रीमति शिला टाकेश सिन्हा ने भवन के लिए 5 लाख व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमति अनीता डांगेंद्र सिन्हा ने बोर खनन व बाउंड्रीवाल की घोषणा की। खैरझिटी कलार समाज द्वारा 30 नवंबर को हर्षोउल्लास के साथ सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव जयंती मनाया गया। भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना के बाद महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं स्थानीय स्वजातियों द्वारा विधायक को मांग पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा कलार समाज भवन के लिए 10 लाख की सौगात देते हुए बेटा और बेटी को सम्मान रूप से ध्यान देकर अच्छी शिक्षा और संस्कार देने पर प्रकाश डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने अपने उद्बोधन में भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने की मांग प्रमुखता से रखी और जिला द्वारा मांग पत्र को विधायक को सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री गंगा राम सिन्हा व महिला मंच जिला अध्यक्ष श्रीमति निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने समाज की एकता पर बल देते हुए भवन निर्माण के लिए राशि प्रदान करने का निवेदन किए। इस अवसर पर महिला मंच के प्रांतीय महामंत्री श्रीमति त्रिवेणी सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, जिला महिला मंच महामंत्री श्रीमति चंद्रा सिन्हा, जिला महिला मंच कोषाध्यक्ष श्रीमति हंसा सिन्हा, मंडलेश्वर प्यारे लाल सिन्हा, सचिव डीगेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतराम सिन्हा, धनश्याम सिन्हा, लाल बहादुर नगर तहसील मंडल सचिव रेवाराम सिन्हा, ग्राम प्रमुख शेखूराम सिन्हा सहित भारी संख्या में ग्राम के स्वजातीय महिलाएं उपस्थित रही। जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने समस्त ग्रामवासियों को भव्य आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए विधायक, जिला पंचायत सभापति जनपद उपाध्यक्ष को राशि के घोषणा के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

# एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के तहत राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना आवश्यक

**शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से किया जा रहा निःशुल्क ई-केवाईसी**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का 100 प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई तत्काल पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए सभी राशनकार्ड हितग्राहियों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है।

राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने तथा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है। उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध ई-पॉस मशीन से निःशुल्क ई-केवाईसी किया जा रहा है।

राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 496 शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित है तथा कुल 2 लाख 60 हजार 12 राशनकार्ड प्रचलित है। प्रचलित राशनकार्ड में सदस्य के रूप में दर्ज 9 लाख 57 हजार 215 हितग्राहियों में से अब तक 8 लाख 42 हजार 987 हितग्राहियों द्वारा अपने उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-केवाईसी का कार्य करा लिया गया है। जिले के शेष राशन कार्ड हितग्राहियों से राशनकार्ड में ई-केवाईसी सभी सदस्यों के आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से तथा फेस ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में वार्षिक खेल दिवस




**कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 5 दिसंबर को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने की। कबड्डी अंडर 19 के फाइनल मैच में छात्र वर्ग में अशोक सदन और छात्रा वर्ग में शिवाजी सदन विजेता रही। कलेक्टर चंद्रवाल ने पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए।

परंपरागत दीप प्रज्वलन के बाद मुख्य अतिथि श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विद्यालय ध्वज का आरोहण किया और मशाल प्रज्वलित की। इस मशाल को खेल प्रतिनिधि आर्यन बख्शी ने ग्रहण किया। विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों मोक्ष साहू, जिग्नेश साहू, सत्यम यादव, साक्षी यादव और सानवी वर्मा ने उनसे मशाल ग्रहण किया और पूरे मैदान का भ्रमण कर इसे निर्धारित स्थान पर स्थापित कर दिया। कलेक्टर ने खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन की विधिवत घोषणा की। विद्यालय के खेल प्रतिनिधि आर्यन बख्शी ने सभी विद्यार्थियों की ओर से खेल भावना की शपथ ली। शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदन के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर 19 छात्राओं के फाइनल कबड्डी मैच में शिवाजी सदन ने सफलता प्राप्त की। रमन सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 छात्रों की कबड्डी में अशोक हाउस विजेता रही और टैगोर हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल मैच में टैगोर हाउस विजेता और रमन हाउस उपविजेता रही। इसके अलावा विद्यार्थियों के लिए अन्य अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए भी स्पून लेमन रेस, 80 मीटर दौड़ आदि अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के खिलाड़ियों जिग्नेश साहू, अर्शिया धुर्वे, आर्यन बक्शी, ऋषभदेव बंजारे और शिखा वर्मा को पुरस्कृत किया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अपने सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ खेल के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं हैं। बल्कि यह विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों और वार्षिक खेल दिवस के आयोजन के लिए विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए खेल के क्षेत्र में भविष्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने स्वागत भाषण दिया। विद्यार्थियों के स्वागत गीत के अतिरिक्त एरोबिक और योग मुद्राओं पर आधारित विशेष प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय के खेल विभाग की ओर से श्रीमती सिमरन ने खेलकूद का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। खेल प्रतियोगिताओं का समन्वय सौरभ कुमार, घनश्याम गिरिया, लेकेश्वर साहू के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापकों डॉ. योगेंद्र पांडेय, संदेश निनावे, सुदीप आर्य एवं सुश्री गीतांजली के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जिला स्तरीय महिला खेल का आयोजन 8 को

डोंगरगढ़(दावा)।जिला स्तरीय महिला खेल का आयोजन दिनांक 8 दिसंबर को स्थानीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरगढ़ में रखा गया है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के चारों विकासखंड के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, तवा फेक, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती एवं रस्साकशी खेल सम्मिलित हैं। उक्त खेल दो आयु वर्गों में संपन्न होगी। पहले 9 से 18 वर्ष से कम एवं दूसरी 18 से अधिक।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, विजय राज सिंह अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़, दिनेश सकते मंडल अध्यक्ष, राहुल यादव, पार्षद के विनायक राव, जय किशोर, मुकेश सहारे, ओम प्रकाश महानदी, हरीश भंडारी, कृष्ण गुप्ता, मनोज साहू, समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामजी भारती पूर्व विधायक डोंगरगढ़ एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, अध्यक्षता रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़, उमा महेश वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका डोंगरगढ़, जसमीत सिंह बन्नोआना मंडल अध्यक्ष भाजपा डोंगरगढ़, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, प्रकाश चौरड़िया, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सत्य प्रकाश मिश्रा, अमित जैन, सरफरा सरफू, विनीत यादव, सुमित मिश्रा, श्रीमती सविता दरगद, श्रीमती अलका जय सहारे, श्रीमती लक्ष्मी यादव रहेंगे। उक्त जानकारी नोडल अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर ने दी।

## पहला कॉलम...

# नहीं रहीं कॉस्मेटिक क्वीन ऑफ इंडिया सिमोन टाटा



नई दिल्ली। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा की मां और स्वर्गीय रतन टाटा की सौतेली मां सिमोन टाटा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमार थीं और मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट थीं. सिमोन टाटा 95 साल की थीं. सिमोन टाटा के परिवार में उनके बेटे नोएल, उनकी पत्नी आलू मिस्त्री और पोते-पोतियां नेविल, माया और लिआ हैं. कंपनी के मुताबिक शनिवार सुबह कोलाबा के कैथेड्रल ऑफ द होली नेम चर्च में अंतिम श्रद्धांजलि दी जाएगी.

स्विट्जरलैंड के जिनेवा में जन्मी सिमोन नेवल डुनोयर पहली बार सन 1953 में एक टूरिस्ट के तौर पर इंडिया आई थीं. सिमोन ने दो साल बाद नेवल एच. टाटा से शादी की और शादी के तुरंत बाद 1960 के दशक की शुरुआत में टाटा ग्रुप के साथ अपना प्रोफेशनल जुड़ाव शुरू किया. बहुत कम लोगों को पता है कि लैक्मे की स्थापना टाटा ग्रुप ने 1952 में की थी. लेकिन इसे घर-घर तक पहुंचाने वाली सिमोन टाटा ही थीं. सिमोन टाटा 1961 में लैक्मे के बोर्ड में शामिल हुईं, जो उस समय टाटा ऑयल मिल्स कंपनी की एक छोटी सब्सिडियरी कंपनी थी, जो हमाम, ओके और मोदी सोप्स जैसे अपने पर्सनल केयर ब्रांड्स के लिए जानी जाती थी. एक साफ विजन के लिए उनके प्रयास ने ब्रांड को आज इतना बड़ा बना दिया.उन्हें 1982 में लैक्मे की चेयरपर्सन बनाया गया और भारतीय महिलाओं के बीच ब्यूटी प्रोडक्ट्स को पॉपुलर बनाने और देश के पहले मॉडर्न कंज्यूमर ब्रांड्स में से एक को बनाने के लिए उन्हें कॉस्मेटिक क्वीन ऑफ इंडियाज् के रूप में जाना जाने लगा.

## पाकिस्तान में मुनीर पहले CDS बने, 44 अमेरिकी सांसदों ने की असीम के वीजा बैन-संपत्ति जब्त की मांग



नई दिल्ली। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज नियुक्त कर दिया है। उनका कार्यकाल 5 साल का होगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज दोनों पदों के लिए जो सिफारिश भेजी थी, उसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति भवन ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा कि आसिम मुनीर को एक साथ दोनों पदों पर अगले पांच वर्षों के लिए नियुक्त किया गया है।

हाल ही में 40 से ज्यादा अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान में जनता पर किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को लिखी चिट्ठी में इन सांसदों ने कहा कि सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नियंत्रण वाली पाकिस्तानी सरकार खुलकर दमनकारी नीतियां अपना रही है। नागरिक समाज को कुचला जा रहा है। सैन्य शासन को चुनौती देने वाली हर आवाज खत्म की जा रही है। दमन की इस कार्रवाई में कुछ आला अधिकारी भी शामिल हैं। सांसदों ने अमेरिकी सरकार से पूछा है कि इन हालात के दोषी आसिम मुनीर जैसे लोगों के खिलाफ वीजा प्रतिबंध और संपत्ति जब्ती जैसे कदम क्यों नहीं उठाए गए। सांसदों ने इन सभी अधिकारियों के अमेरिका में घुसने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। चिट्ठी लिखने वाले सांसदों में अमेरिकी कांग्रेस की प्रमिला जयपाल, रशीदा तालिब और ग्रेग कैसर जैसे 44 नाम शामिल हैं।

## पुतिन की यात्रा से शेयर बाजार उछाल, सेंसेक्स 447, निफ्टी भी उछाल पर

नई दिल्ली। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को ब्याज दर में कटौती की घोषणा और पुतिन की भारत यात्रा से मिले सकारात्मक संकेतों ने घरेलू शेयर बाजार को जबरदस्त मजबूती दी। निवेशकों की धारणा सुधरने से कारोबार के आखिर में बीएसई सेंसेक्स 447.05 अंक उछलकर 85,712.37 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने भी 151.7 अंकों की मजबूत उछाल के साथ 26,186.45 के लेवल पर बंद हुआ। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के नेतृत्व वाली मौद्रिक समीक्षा समिति ने शुक्रवार को नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर दी है।

ब्रॉडर मार्केट्स में निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 0.49 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.57 प्रतिशत फिसल गया। सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी पीएसयू बैंक 1.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। इसके अलावा बैंक, ऑटो, आईटी, मेटल, रियल्टी, ऑयल एंड गैस और केमिकल्स इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए। दूसरी तरफ मीडिया, फ़ार्मा, कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स और स्नरूष्ट्र इंडेक्स लाल निशान में दिन का अंत किया।

# शेफाली वर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट



यूएई और थाईलैंड की खिलाड़ियों से मुकाबला

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा को विश्व कप फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नवंबर के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामांकित किया गया है। वर्मा को सेमीफाइनल से पहले प्रतिका रावल की चोट के कारण भारतीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह अपने पहले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाईं।

हालांकि, उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 111.53 की औसत से 78 गेंद पर 87 रन बनाए। इसके चलते भारत 298/7 का अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहा। बाद में, उन्होंने अपने सात ओवरों में 36 रन देकर सुन लुस और मारिजाने कैप के महत्वपूर्ण विकेट लिए।

उनके हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत, भारत ने फाइनल मुकाबले में 52 रनों से जीत दर्ज कर अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीता। शेफाली वर्मा को संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओजा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग के साथ नामांकित किया गया है।

ओजा ने आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के दौरान एक बार फिर अपनी मैच जिताऊ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस महीने सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 137.50 के स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए, जिससे एंकरिंग और तेज गेंदबाजी का संतुलन बना रहा।

उन्होंने गेंदबाजी में भी दमदार प्रदर्शन किया और 18.14 की औसत से 7 विकेट लेकर अपनी ऑलराउंड क्षमता की पहचान कराई। दूसरी ओर, थाईलैंड की बाएं हाथ की स्पिनर थिपाचा पुथावोंग ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी टीम को आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी जीतने में मदद की और 15 विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं।

# भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा वनडे आज



नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पहले वनडे में जहां 17 रनों से जीत दर्ज की थी। वहीं अफ्रीकी टीम ने दूसरे मैच में वापसी करते हुए 4 विकेट से जीत हासिल की। अब सीरीज का फैसला तीसरे और आखिरी वनडे में होगा, जो 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम के मैदान पर खेला जाएगा। आइए जानते हैं, यह मैच कितने बजे से शुरू होगा और इसे आप कहां देख सकते हैं।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा वनडे मुकाबला 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम के वाईएस राजशेखर क्रिकेट स्टेडियम में होगा। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। वहीं इस मैच का टॉस आधे घंटे पहले होगा। जो भी टीम इस मैच को जीतेगी वह सीरीज 2-1 से अपने नाम कर लेगी।

तीसरे वनडे मैच का लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा लाइव स्ट्रीमिंग क्रिकेट फैंस जियो हॉटस्टार ऐप पर देख सकते हैं। इसके लिए क्रिकेट फैंस को कोई भी पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है। बस उन्हें अपने मोबाइल फोन में जियो हॉटस्टार ऐप डाउनलोड करना है। फिर वह आराम से क्रिकेट मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 358 रन बनाए थे। भारत के लिए विराट कोहली (102 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (105 रन) ने शतक लगाए थे। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम इंडिया बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही थी।

# कटक टी20 सीरीज के लिए टिकट लेने लगी लंबी लाईन



नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 9 दिसंबर से होने वाली है. कटक में दोनों टीमों के बीच पहला मैच होगा. इस मुकाबले की टिकट हासिल करने के लिए बाराबाती स्टेडियम के बाहर लंबी लाइन लगी और इसी का वीडियो सामने आ रहा है, जिसमें पुलिस के लिए भीड़ को संभालना काफी ज्यादा मुश्किल हो गया.

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर से टी20 सीरीज की शुरुआत होने वाली है. इस श्रृंखला के लिए फैंस में बहुत ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है. हार्दिक पांड्या की मैदान पर वापसी होने वाली है और कप्तान सूर्या पर सभी की नजर रहेगी. पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए टिकट की मारामारी देखने को मिल रही है. सूर्या-हार्दिक को मैदान में खेलते हुए देखने के लिए फैंस में दीवानगी का बुखार चढ़ गया है. हाल ही में एक वीडियो सामने आई है, जहां टिकट के लिए प्रशंसकों की भीड़ देखने लायक है. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कटक में होने वाले पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए टिकट की बिक्री शुरू हो गई है.

# अबू धाबी में 16 दिसंबर को सजेगा प्लेयर्स का बाजार, 4 खिलाड़ियों पर लग सकती है करोड़ों की बोली



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की सभी 10 फ्रेंचाइजी ने हाल ही में अपनी रिटेंशन लिस्ट जारी कर दी थी। इसके बाद सभी टीमें मिनी ऑक्शन की तैयारी में जुटी हैं। 1355 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए अपने नाम दर्ज कराए हैं, जिनमें से 45 क्रिकेटरों ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है।

मिनी नीलामी 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगी। अब जबकि सभी टीमें मिनी ऑक्शन के लिए रणनीति बनाने में जुटी हैं, आइए 4 ऐसे खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं, जो अगले सीजन से पहले सबसे महंगे खिलाड़ी बन सकते हैं।

कैमरून ग्रीन ने आईपीएल के पिछले कई सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2023 के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करने के बाद ग्रीन अगले सीजन में आरसीबी के लिए एक ऑलराउंडर के रूप में खेले। इस दौरान उन्होंने 41.59 की शानदार औसत और 153.70 के शानदार स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। वह एक शानदार ऑलराउंडर हैं। हाल ही में आंद्रे रसेल ने संन्यास की घोषणा कर दी है, ऐसे में ऑक्शन में उन पर बड़ी बोली लग सकती है।

केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा, लेकिन उन्होंने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 29.96 की शानदार औसत और 137.32 के स्ट्राइक रेट से 1468 रन बनाए हैं। साथ ही वह इस लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले घरेलू खिलाड़ी के रूप में नीलामी में उतरेंगे।

वह नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 43.23 की शानदार औसत और 168.77 के शानदार स्ट्राइक रेट से 562 रन बनाए हैं। यह उनकी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी पोजीशन है। जो भी टीमें नंबर 3 बल्लेबाज की तलाश में हैं वह अय्यर पर बड़ा दांव लगा सकती हैं।

लियाम लिविंगस्टोन मध्यक्रम के ऐसे बल्लेबाज हैं जो अपनी लेग स्पिन गेंदबाजी से कुछ अहम विकेट ले सकते हैं। आरसीबी द्वारा रिलीज किए जाने के बाद उन्होंने दुनिया भर की टी20 लीगों में अलग-अलग टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। लियाम ने 51.9 की शानदार औसत और 168.9 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 571 रन बनाए हैं और 16 मैचों में 13 विकेट लिए हैं। नीलामी में विदेशी स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी के कारण लिविंगस्टोन को एक महंगा सौदा मिल सकता है।

# स्कूल में पढ़ना है तो इस्लाम अपनाओ..., पाकिस्तान के सिंध में हिंदू छात्राओं पर जुल्म



नई दिल्ली। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के किस्से बीते कई दशकों से सामने आते रहते हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है और इसे लेकर उसे हमेशा से फटकार सुननी पड़ी है। अब पाकिस्तान के सिंध प्रांत से हिदुओं पर जुल्म का एक और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर स्कूल में पढ़ाई जारी रखने के लिए हिंदू स्कूली छात्राओं को इस्लाम अपनाने को कहा जा रहा है। आइए जानते हैं इस पूरी घटना के बारे में।

सामने आई जानकारी के मुताबिक, सिंध प्रांत में स्कूल की हिंदू छात्राओं को कथित तौर पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए कहे जाने की घटना सामने आई है। सूचना के मुताबिक, सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ये घटना नवंबर महीने के आखिर में, सिंध के मिरपुर साक्रो में मौजूद सरकारी हाई स्कूल से सामने आई है। हिंदू छात्राओं के परिजनों ने इस बारे में मीडिया को जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि स्कूल की प्रिंसिपल ने कथित रूप से हिंदू छात्राओं को कहा है कि उन्हें अपनी पढ़ाई को जारी रखने के लिए इस्लाम धर्म अपना लेना चाहिए। सिंध प्रांत में हिंदू स्कूली छात्राओं के माता-पिता ने जानकारी दी है कि छात्राओं को कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया गया है और उनके धर्म का मजाक भी उड़ाया गया है। इतना ही नहीं, परिजनों ने ये भी बताया है कि जिन छात्राओं ने इस्लाम अपनाने या कलमा पढ़ने से मना किया है उन्हें उनके घर भी लौटा दिया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया है।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में स्कूली छात्राओं के साथ हुए इस जुल्म को लेकर धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खीसो मल खील दास का भी बयान सामने आया है।

## पाकिस्तानी खिलाड़ी फखर जमान पर आईसीसी ने ठोका मोटा जुर्माना

नई दिल्ली। पाकिस्तानी टीम ने हाल में ही अपने घर पर खेली गई टी20 ट्राई सीरीज के फाइनल मुकाबले में श्रीलंका की टीम को 6 विकेट से मात देने के साथ खिताब को अपने नाम किया था। इस मैच में पाकिस्तान टीम की तरफ से गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था। वहीं अब फाइनल मैच में पाकिस्तानी टीम की प्लेइंग 11 का हिस्सा आक्रामक बल्लेबाज फखर जमान को लेकर आईसीसी की तरफ से बड़ा एक्शन लिया गया है, जिसमें उनपर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माने का जहां सामना करना पड़ा है तो वहीं उनके खाते में डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल मैच में पाकिस्तानी टीम पहले गेंदबाजी कर रही थी।

## ऑलराउंडर जॉर्डन थॉम्पसन पूरे सीजन से बाहर, अब राशिद खान की स्क्वाड में हुई एंट्री



नई दिल्ली। 2025-26 की शुरुआत शानदार अंदाज में हो चुकी है। लेकिन लीग में एमआई एमिरेट्स की टीम को ऑलराउंडर जॉर्डन थॉम्पसन के चोटिल होने की वजह से तगड़ा झटका लगा है। वह चोटिल होने की वजह से बाहर भी हो गए। अब उनके बाहर होने के बाद रूढ्ढ एमिरेट्स की टीम में राशिद खान की एंट्री करवाई गई है।

27 साल के राशिद खान साल 2023 में एमआई एमिरेट्स की टीम के लिए खेल चुके हैं, जहां उन्होंने दो मुकाबले खेले थे, जिसमें उन्होंने चार विकेट हासिल किए थे। इसके अलावा वह टी20 में MI केपटाउन के कप्तान हैं और इस साल की शुरुआत में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ उन्हें अपना पहला खिताब दिलाया था। वह 2023 और 2024 में मेजर लीग क्रिकेट (रूरुष्ट) में रूढ्ढ न्यूयॉर्क के लिए भी खेल चुके हैं।

श्वस्क्कहृक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक राशिद खान पूरे सीजन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उनके 20 दिसंबर तक ही उपलब्ध रहने की संभावना है। ढ्ढरुञ्ज20 का मौजूदा सीजन चार जनवरी 2026 तक चलेगा। वहीं राशिद स्ट्र20 में भी खेलेंगे, जहां वह रूढ्ढ केप टाउन का हिस्सा हैं और यह टीम 26 दिसंबर को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ सीजन का पहला मैच खेलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत-रूस के बीच 7 समझौते; मुफ्त वीजा.....**

भारतीय पर्यटक गए थे। पुतिन ने कहा, रूस तेल, गैस, कोयला और भारत के ऊर्जा विकास के लिए जरूरी हर चीज का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। हम तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की निर्बाध आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार हैं। पुतिन का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब रूस से तेल खरीदी को लेकर भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा रखा है। भारत-रूस के बीच सहयोग और प्रवासन, अस्थायी श्रमिक गतिविधियों, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, जहाज निर्माण, समुद्री सुरक्षा और निगरानी, कृषि और खाद और परमाणु ऊर्जा सहयोग को लेकर भी समझौते हुए। भारतीय कंपनियां रूस में एक खाद संयंत्र स्थापित करेंगी। दिल्ली में रशियन एजुकेशन एजेंसी का पहला कार्यालय खोला गया। इससे रूस में पढ़ाई के इच्छुक भारतीय छात्रों का रास्ता आसान होगा। दोनों देश व्यापार का 96 प्रतिशत भुगतान अपनी मुद्रा में कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। दोनों देश यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर काम कर रहे। रूस में भारत के 2 नए वाणिज्य दूतावास खोले गए हैं। भारत-रूस के बीच 64 अरब डॉलर का व्यापार हो रहा है। रूस-भारत मिलकर तमिलनाडु में देश का सबसे बड़ा परमाणु संयंत्र बना रहे हैं। रूस का समाचार चैनल रूस टुडे भारत में शुरू होगा।

**मोदी और पुतिन ने दिया आतंकवाद.....**

हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर किया गया कायरतापूर्ण आघात, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। भारत का अटल विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार है और इसके विरुद्ध वैश्विक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने धर्म पूछकर 26 पर्यटकों को गोली मार दी थी, जिसमें सभी पुरुष थे। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत निशाना बनाया। क्रोकस हमला 22 मार्च, 2024 को हुआ था, जिसमें काले कपड़ों में 4 हथियारबंद आतंकवादियों ने हॉल में मौजूद 6,200 लोगों पर गोलीबारी की थी। हमले में 145 लोग मारे गए, जिसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट खुरासान ने ली थी।

**व्लादिमीर पुतिन के दौरे के बीच रूस.....**

और भारतीय साझेदारों के बीच सफल सहयोग का परिणाम है। रोसाटॉम परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के परिचालन के दौरान परमाणु ईंधन की आपूर्ति करता है और इंजीनियरिंग सेवाएं प्रदान करता है और नए ईंधन और ईंधन चक्र समाधान के जरिए रिएक्टरों की दक्षता बढ़ाता है। कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा स्टेशन है, जो तमिलनाडु के कुडनकुलम में स्थित है। इसका निर्माण 2002 में रूस की सहायता से शुरू हुआ था और 2027 तक इसके पूर्ण क्षमता पर संचालित होने की उम्मीद है। फिलहाल इससे पैदा हुई बिजली का 50 प्रतिशत हिस्सा तमिलनाडु को आवंटित किया जाता है। इसके अलावा कर्नाटक, केरल और पुदुचेरी को भी बिजली आपूर्ति की जाती है। करीब 15 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय पूल में जोड़ा जाएगा।

**राष्ट्रपति भवन पर रात्रिभोज; थरूर को......**

पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि निमंत्रण किस आधार पर भेजे गए थे। मुझे लगता है कि आमतौर पर जो प्रथा अपनाई जाती थी, वह व्यापक प्रतिनिधित्व के लिए थी। निश्चित रूप से मुझे याद है कि पुराने दिनों में, वे न केवल एलओपी को, बल्कि कई पार्टियों के प्रतिनिधियों के कई वर्गों को भी आमंत्रित करते थे। इससे अच्छा प्रभाव पड़ता है। मुझे न्योते का आधार नहीं पता, यह सब सरकार, प्रोटोकॉल और राष्ट्रपति भवन करता है, मुझे क्या पता? मैं बस इतना कह सकता हूं कि मुझे आमंत्रित किए जाने पर गर्व है। बेशक मैं जाऊंगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि सरकार अपनी असुरक्षा के कारण विदेशी मेहमानों को नेता प्रतिपक्ष से नहीं मिलने देती। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे से कुछ घंटे पहले यह टिप्पणी की। राहुल ने कहा कि यह एक परंपरा है कि विदेशी मेहमान नेता प्रतिपक्ष से मिलते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। राहुल ने संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय भी यह परंपरा निभाई जाती रही। आजकल जब विदेशी मेहमान आते हैं और जब मैं विदेश जाता हूं, तो सरकार उन्हें नेता प्रतिपक्ष से न मिलने की सलाह देती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, यह सरकार की नीति है। जब मैं विदेश जाता हूं या जब लोग यहां आते हैं तो वे हर बार ऐसा करते हैं। हमें यह संदेश मिलता है कि उन्हें सरकार ने हमसे न मिलने के लिए कहा है। इस तरह की बैठक की अहमियत बताते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि नेता विपक्ष एक अलग नजरिया पेश करते हैं।

**15 दिसंबर तक सामान्य हो जाएगी स्थिति.....**

पूर्ण सहयोग की अपील की गई कि वह देश के उड्डयन क्षेत्र में व्यवस्था लाने में मदद करें ताकि उड़ानों को सुचारू तौर पर शुरू किया जा सके और हवाई अड्डों पर भारी अफरा-तफरी के माहौल को खत्म किया जा सके। डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा है कि, चल रही ऑपरेशनल गड़बड़ियों और संचालन की निरंतरता व स्थिरित सुनिश्चित करने पर विभिन्न एयरलाइंस से प्राप्त सुझावों को देखते हुए, साप्ताहिक आराम के लिए कोई छुट्टी प्रतिस्थापित नहीं की जाएगी से जुड़े पैराग्राफ में निहित निर्देश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। यह निर्देश मूल रूप से 20 जनवरी 2025 को जारी किया गया था, जो फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के तहत क्रू मेंबर्स के 48 घंटे के साप्ताहिक आराम को सुनिश्चित करने के लिए था। डीजीसीए के इस फैसले से इंडिगो को राहत मिली है लेकिन घरेलू उड़ानों के व्यवस्थित होने में अभी वक्त लगेगा। साथ ही डीजीसीए के इस कदम कदम को उसके यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के वादे से पीछे हटने के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि अगर पायलट दबाव में होंगे तो उसका असर सुरक्षा पर दिख सकता है। इस प्रकरण ने यह साबित किया है कि भारतीय एविएशन सेक्टर में बहुत कुछ ठीक नहीं है और खास तौर पर नियमन व्यवस्था पर सवाल उठता है। डीजीसीए ने पायलट संघों से सहयोग की अपील करते हुए कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए, हम एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) और पूरे भारत के सभी पायलट बॉडीज, संघों तथा पायलटों से पूर्ण सहयोग की अर्जेंट अपील करते हैं। आपका समर्थन व्यस्त और मौसम-संवेदनशील अवधि के दौरान स्थिर और सुगम उड़ान संचालन बनाए रखने, अनावश्यक विलंब और रद्दीकरण को कम करने, महत्वपूर्ण यात्रा मौसम के दौरान यात्रियों को और असुविधा न देने तथा पायलटों और एयरलाइंस के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए अपरिहार्य है। डीजीसीए ने पायलटों की भूमिका का सम्मान करते हुए एफडीटीएल नियमों के कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। साथ ही यह भी कहा है कि आने वाले समय में मौसम खराब होने, छुट्टियों व शादियों के मौसम में लोग ज्यादा यात्रा करेंगे जिससे चुनौतियां और बढ़ेंगी। यात्रियों की संख्या काफी बढ़ने की संभावना है जिससे यात्रियों की सुरक्षा व सही समय पर सेवा देना काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

**इंडिगो मामले में केंद्र सरकार ने दिए.....**

दोबारा ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो की चल रही उड़ान सेवा बाधाओं की वास्तविक समय में निगरानी के लिए एक 24X7 नियंत्रण कक्ष (011-24610843, 011-24693963, 096503-91859) स्थापित किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह नियंत्रण कक्ष त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई, हितधारकों के बीच प्रभावी समन्वय, और उत्पन्न होने वाले मुद्दों के तत्काल समाधान को सुनिश्चित करेगा। इसका उद्देश्य यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करना और प्रभावित हवाई अड्डों पर सामान्य संचालन को शीघ्र बहाल करना है।

**शीतकालीन सत्र 2025 5वां दिन: संसद में उठा विमान......**

आपूर्ति समय के दबाव के चलते यह गिग वर्कर सोचता है कि अगर देर हुआ तो रेटिंग गिर जाएगी, प्रोत्साहन राशि कट जाएगा, ऐप लॉगआउट कर देगा या आईडी ब्लॉक कर देगा. उन्होंने कहा कि इसी डर से वह लाल बत्ती को नजरअंदाज कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए शीघ्रता से सामान की आपूर्ति करने का प्रयास करता है. उन्होंने कहा कि आपूर्ति में दस मिनट का विलंब होने पर ग्राहक की नाराजगी का डर मन में रहता है. उन्होंने कहा कि विलंब होने पर ग्राहक डिलीवरी ब्वॉय को पहले तो फोन कर डांटता है फिर उसे यह कह कर डराता है कि तुम्हारी शिकायत कर दूंगा और फिर उसे एक स्टार की रेटिंग दे कर उसकी महीने भर की मेहनत पर पानी फेर देता है. चड्ढा ने कहा कि इन लोगों का काम रोज 12 से 14 घंटे होता है, चाहे मौसम कोई भी हो. ''इनके पास सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते और इन्हें विशेष बोनस या अतिरिक्त भत्ता भी नहीं मिलता. इनके लिए ''कमाई कम, बीमारी ज्यादा'' वाली हालत है.'' उन्होंने कहा ''इसके बावजूद अपना दर्द छिपा कर, विषम परिस्थितियों में, ऑर्डर लाने के बाद ये लोग मुस्कुरा कर कहते हैं कि धन्यवाद महोदय, कृपया पांच स्टार की रेटिंग दे दीजिये.'' रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह एक बहुत जरूरी इशारा है, और आपको यह समझना चाहिए कि डिप्लोमेसी सिंबल और असलियत दोनों है. सिंबल हमारी फॉरेन पॉलिसी आउटरीच का एक जरूरी हिस्सा है. जब प्रधानमंत्री एयरपोर्ट जाते हैं, जब वह उन्हें अपनी कार में बिठाते हैं, जब वह उन्हें प्राइवेट डिनर पर ले जाते हैं, जब वह उन्हें रशियन में ट्रांसलेट की हुई गीता गिफ्ट करते हैं, ये सभी बहुत जरूरी सिंबल हैं, लेकिन वे असलियत का सब्स्टीट्यूट नहीं हैं. असलियत अभी बंद दरवाजों के पीछे चल रही है. हमें नहीं पता कि क्या बातचीत हो रही है, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं है कि यह एक बहुत जरूरी सिग्नल है और रूस के साथ हमारा बहुत लंबे समय से एक बहुत जरूरी रिश्ता रहा है. यह निश्चित रूप से तब साफ होगी जब दौरे के आखिर में फैसले आएंगे. हमें खुद तय करने का हक है कि हम किससे मिलते हैं, बिना यह देखे कि यह किसी दूसरे देश के रिश्ते से किसी भी तरह से जुड़ा हुआ है. मुझे उम्मीद है कि हम यूएस, यूरोप और चीन के साथ अच्छे इंडिपेंडेंट रिश्ते बनाए रखेंगे. हमें इस बात की चिंता क्यों करनी चाहिए कि लोग कैसे रहेंगे. वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के इस आरोप पर कि विदेशी नेताओं से लोगों से मिलने की इजाजत नहीं है इस पर उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि विपक्षी नेता दूसरे नेताओं और दूसरे विदेशी प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों से मिल चुके हैं जो आए हैं. इस बार ऐसा क्यों नहीं हो सका, आपको सरकार से पूछना होगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार इस मामले की जांच कर रही है. रीजीजू ने कहा, सदन में आने से पहले मैंने नागर विमानन मंत्री से बात की. एयरलाइन जिन तकनीकी समस्याओं का सामना कर रही है, उन पर सरकार विचार कर रही है. मैंने नागरिक उड्डयन मंत्री को कहा है कि वे सदस्यों के लिए प्रतिक्रिया तैयार करें क्योंकि वे सदन में इस मुद्दे को उठाएंगे. उन्होंने नागर विमानन मंत्री कहा कि सदन और नागरिकों को स्थिति के बारे में सूचित किया जाना चाहिए. संसद के शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान आज लोकसभा में हेल्थ, नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पर आगे विचार और पासिंग के लिए चर्चा होगी. डीएमके सांसद तिरुचि शिवा ने नियम 267 के तहत राज्यसभा में सस्पेंशन ऑफ बिजनेस नोटिस दिया है और तमिलनाडु में भड़काए गए सांप्रदायिक तनाव पर चर्चा की मांग की है.

# नवा रायपुर में बनेगा मध्य भारत का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण लैब

रायपुर (दावा)। नवा रायपुर में मध्य भारत की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण होने जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ में नकली खाद्य सामग्री और दवाओं की जांच में तेजी आएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि यह प्रयोगशाला नवा रायपुर के डेढ़ एकड़ के कैंपस में स्थापित की जाएगी।



इससे पहले दूसरे राज्यों से नमूने जांच के लिए भेजे जाते थे और रिपोर्ट आने में कई महीने लग जाते थे, लेकिन नई सुविधा के साथ अब जांच रिपोर्ट घंटों में उपलब्ध हो जाएगी और आवश्यक कार्रवाई तुरंत की जा सकेगी। मंत्री जयसवाल ने कहा कि यह लैब मुख्य बजट 2025-26 की बड़ी घोषणाओं में से एक है। निर्माण के लिए 46.49 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है और मशीनरी सहित पूरी लैब का खर्च लगभग 100 करोड़ रुपये होगा। इस सुविधा के शुरू होने के बाद छत्तीसगढ़ की दूसरे राज्यों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि लैब के बनने के बाद रासायनिक परीक्षण क्षमता सालाना 500-800 नमूनों से बढ़कर 7,000-8,000 नमूने प्रतिवर्ष हो जाएगी। माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण, जैसे कि इंजेक्शन और आई ड्रॉप, अब सालाना 2,000 नमूने तक होंगे। इसके अलावा, मेडिकल डिवाइस जैसे हाथ के दस्ताने, कैथेटर आदि जिनका वर्तमान में परीक्षण नहीं हो रहा था, अब सालाना 500 नमूनों की जांच की जाएगी। फार्मास्यूटिकल्स नमूनों की जांच क्षमता भी 50 से बढ़ाकर 1,000 नमूने प्रतिवर्ष की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लैब में अत्याधुनिक तकनीक और मशीनरी लगाई जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ में नकली दवाओं और मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। यह प्रयोगशाला न केवल राज्य में सुरक्षा बढ़ाएगी, बल्कि मध्य भारत के अन्य राज्यों के लिए भी एक रिफ्रेंस सेंटर के रूप में कार्य करेगी। जैसवाल ने कहा कि लैब निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा और जल्द ही सभी विभागीय कार्यों और अनुमोदनों के बाद इसका उद्घाटन होगा। यह कदम राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुरक्षा और सार्वजनिक हित को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस परियोजना के शुरू होने से न केवल दवा और खाद्य सुरक्षा में सुधार आएगा, बल्कि राज्य में उद्योगों और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी विश्वास बढ़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह लैब मध्य भारत में स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# किरण रविन्द्र वैष्णव के मुख्य आतिथ्य में ग्राम कलडबरी बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



छुरिया (दावा)। ग्राम कलडबरी में आज संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जहां मैदान में दौड़ते नन्हें कदमों की ताल, बच्चों की चमकती आंखों में सपनों की रोशनी और चारों ओर गूंजते जयघोष ने पूरे गांव को उत्सव स्थल में बदल दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन व उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी के चैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने प्रेरणादायी एवं भावनात्मक उद्बोधन में कहा कि बच्चों की आंखों में चमकते सपने ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की सबसे सशक्त किरण हैं। खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस, संघर्ष, जज़्बा और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम है। आज कलडबरी के बच्चों में जो ऊर्जा, प्रतिभा और हौसला देखने को मिला, वह आने वाले समय में जिले और राज्य के गौरव का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि हर बच्चे की सफलता के पीछे परिवार, शिक्षक और समाज का सामूहिक सहयोग होता है, और कलडबरी आज उस सहयोग की खूबसूरत मिसाल बना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा द्वारा की गई।

उन्होंने अपने ऊर्जावान संबोधन में कहा कि खेल बच्चों को सिर्फ मैदान में नहीं, बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर मजबूत बनाते हैं। आज बच्चों ने जिस अनुशासन, प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया है, वह इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असीम संभावनाएँ मौजूद हैं। यदि बच्चों को सही अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिले तो वे जिले, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदाराम देवांगन कार्यक्रम में उपस्थित रहे और आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के शुरुवात दौरान 100 मीटर दौड़ मे बच्चों ने अद्भुत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही इस अवसर पर दीनदयाल साहु (अध्यक्ष सरपंच संघ छुरिया)प्रकाश मुटघरे (जनपद सदस्य) श्रीमती जंत्रीबाई साहू (सरपंच ग्राम कलडबरी) राधेलाल जोशी (जनपद सदस्य प्रतिनिधी) किशनलाल साहू (पूर्व जनपद सभापित) रमेश यादव, दुखुराम साहू, कार्तिक साहू, माधोराम, गिरधारी लाल भुवार्य (ग्राम पटेल), गोपाल सिंग कोसमा (संकुल प्राचार्य) श्रीमति हरेश बघले (प्रधानपाठिका) श्रीमती नीलम संजीव साहु (संकुल समन्वय) वेद कुमार पटेल, अभिषेक साहु, लिलाबाई साहू (पंच) लुकेश्वरी निषाद (पंच), श्याम बघेल (करमरी), दिग्विजय मिश्रा (रतनभाट) शिक्षकों, अभिभावकों और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और अविस्मरणीय बना।

# तहसील परिसर में अधिवक्ता दिवस पर संगोष्ठी सभा

राजनांदगांव (दावा)। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर तहसील राजस्व न्यायालय परिसर अधिवक्ता कक्ष में एक संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया तथा वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र शर्मा का सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए अधिवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया कि अधिवक्ता दिवस को संगोष्ठी सभा के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश ठाकुर (शनिधाम) एवं पूर्व शास. लोक अभियोजक नारायण कन्नौजे के आतिथ्य तथा एम.एल. साहू, नारायण सोनी वरिष्ठ अधिवक्ता गण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



वरिष्ठ अधिवक्ता महेन्द्र शर्मा का सम्मान

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अधिवक्ता अशोक श्रीवास, राजकुमार चंदेल, हेमलता पांडेय द्वारा अतिथियों का स्वागत क़िया गया। ततपश्चात नारायण कन्नौजे, राकेश ठाकुर, एम.एल.साहू, नारायण सोनी आदि अधिवक्ताओं द्वारा संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्र के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जो कि अधिवक्ता थे उनकी स्मृति में अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है. अधिवक्ताओं को उस ऊंचाई तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए. अधिवक्ताओं के कारण से ही अपराध भी नियंत्रण में रहता है। आम नागरिक गणों की सेवा के रूप में अधिवक्ता उनकी समस्याओं का हल निकालते है। तथा पक्षकार के हित में अपना पूर्ण ज्ञान लगा देते है.,उनके निराकरण करने में अधिवक्ता भी समाज का एक प्रमुख स्तंभ है जो कि विस्तृत विभिन्न क्षेत्रो में आम नागरिको की समस्याए हल करते है व उन्हें न्याय दिलवाते है।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी रहे सात बार के जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी सदस्य महेन्द्र शर्मा का पुष्प से स्वागत कर, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। संगोष्ठी सभा का संचालन पंकज गुप्ता व आभार प्रदर्शन बृजमोहन जोशी, नोटरी द्वारा किया गया। इस अधिवक्ता दिवस के आयोजन में प्रमुख रुप से अधिवक्ता तोपेश देवांगन, अभ्यास यादव, नीतू टंडन, मनीष वर्मा, वीरेंद्र ऊके कीरीट घींवर, सुनील मिश्रा, भूमिका कुर्रे अधिवक्तागण व गौरव साहू, आशाराम देवांगन, एस.के.पाठक, नरेन्द्र साहू, देवानंद साहू, तेजेश्वरी सिन्हा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन में अधिवक्ता अभ्यास यादव द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत भी इस अवसर पर प्रस्तुत किया गया।

## कल लोहिया पेपर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एण्ड बोर्ड प्रा. लिमि. रायपुर एवं श्रीराम पैथोलॉजिकल लैब के संयुक्त तत्वाधान में 7 दिसंबर सुबह 9.30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें (सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, लिपीड प्रोफाईल थायरॉयड प्रोफाइल), बीपी शुगर एवं फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुराणिक साहू (उपसरपंच) धरमपुरा रायपुर, डॉ. ओजिस्वीता साहू (जनरल फिजिशियन) रायपुर होंगे। लोहिया पेपर के सुजीत कुमार झा ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

# तिलईरवार विद्यालय में मना विश्व एड्स दिवस

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 1 दिसंबर को विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, अध्यक्षता अशीम कुमार यदु व्याख्याता रहे एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विश्व एड्स जागरूकता दिवस के बारे में कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा बताया गया कि आज एड्स, विश्व की सबसे खतरनाक बीमारी हो गई है जिसके निदानों का आविष्कार अभी तक नहीं हो सका है।



छात्रा-छात्राओं ने कविताओं के माध्यम से किया व्याख्यान

यह दिन इस बीमारी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को याद दिलाता है और एड्स को समाप्त करने की दिशा में प्रयासों की गति को बनाए रखने के लिए मनाया जाता है। एड्स रोग का पता सन 1981 में अमेरिका में पता चला और यह रोग 1986 में भारत के चेन्नई में पाया गया। यह एक विषाणु के कारण होता है जिसे एचआईवी के नाम से जाना जाता है। इस एड्स दिवस पर कु. सीमा, कु. पूर्णिमा, कु. फेमिका, कु. दिव्या नेताम, कु. बबिता, कु. कनिका, तारेंद्र कुमार आदि छात्र छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखें। कुछ ने कविताओं के माध्यम से एड्स दिवस का व्याख्यान किए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर द्वारा एड्स के बारे में बताया गया कि इस रोग के विषाणुओं का रोगी व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में संचरण, यांत्रिक संपर्क, लैंगिक संपर्क, रुधिर तथा अंग प्रत्यारोपण द्वारा संक्रमित सुई के द्वारा, समलैंगिक क्रियाओं द्वारा तेजी से फैलता है। एड्स के रोगी के शरीर में प्रतिरक्षा तंत्र निर्माण प्रभावित होता है अर्थात रोगी की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता कम होने लगती है। इस तरह से बहुत ही सारगर्भित ढंग से एड्स के लक्षण उसके कारण और निदान के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, हरिश्चंद्र यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि सभी की उपस्थिति रही।

# नाड़ी वैद्य गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख द्वारा ग्राम लिमोरा के तीन गरीब परिवारों को 33 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

राजनांदगांव(दावा)। गुरुर, ज़िला बालोद विकासखंड गुंडरदेही मानव सेवा और दीन-दुखियों की मदद को अपना जीवन उद्देश्य मानने वाले ग्राम लिमोरा निवासी सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य परम् पूज्य गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख एक बार फिर जनसेवा की मिसाल बने। गुरुदेव ने आज ग्राम लिमोरा के तीन अत्यंत गरीब मानिकपुरी परिवारों को कुल 33,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इन परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। बारिश के दिनों में कच्चा मकान क्षतिग्रस्त होने से परिवार खुले आसमान के नीचे जैसे हालात में रहने को मजबूर हो गए थे। स्थिति से अवगत होने पर गुरुदेव ने स्वयं आगे बढ़कर इन परिवारों की सहायता की और कहा– मानव सेवा हमारे जीवन का सर्वोच्च धर्म है। जाति-पांति से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची पूजा है। गरीब परिवारों ने किया भावपूर्ण आभार व्यक्त रानी, सत्यभामा और इंद्रा मानिकपुरी परिवारों ने गुरुदेव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जीवन में यह सहयोग संजीवनी साबित होगा। उन्होंने बताया कि हमारा नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में आया है। गुरुदेव के द्वारा दी गई आर्थिक राशि हमारे नए मकान के निर्माण में एक बड़ी मदद होगी। हम उनके चरणों में नमन करते हैं, जिन्होंने हमारे दुख के समय हमें सहारा दिया।

### समाजसेवी हलधर साहू ने की गुरुदेव की सेवा भावना की प्रशंसा

समाजसेवी हलधर साहू ने कहा कि गुरुदेव देशमुख न केवल आर्थिक सहायता बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा– गुरुदेव के जीवन में सेवा ही साधना है। मैं वर्षों से उनके साथ जुड़ा हूं और उनकी मानवता एवं समाजसेवा से अत्यंत प्रभावित हूं।

### गांव के जनप्रतिनिधियों ने भी की सराहना

पूर्व जनपद सदस्य ने भी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख की सेवा-पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरुदेव हर समय गांव के सुख-दुख में खड़े रहते हैं। गरीब, दीन-दुखियों, विद्यार्थियों तथा जरूरतमंदों की शिक्षा-स्वास्थ्य समेत सभी क्षेत्रों में वे लगातार मदद करते हैं। उनका यह योगदान गांव के लिए प्रेरणादायक है।

### 'मानव सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाएं'

दान प्रदान करते समय गुरुदेव ने सभी ग्रामीणों से भी अपील की कि समाज में कमजोर व जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा हम सब मिलकर मानवता की भावना को आगे बढ़ाएं और समाज में किसी भी गरीब परिवार को असहाय न होने दें।

# गायब आरक्षक की मिली लाश



जगदलपुर। पुलिस लाइन जगदलपुर में पदस्थ आरक्षक डमरू नायक का शव शुक्रवार को आसना जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक आरक्षक डमरू नायक 3 दिसंबर से लापता था। परिजनों ने आरक्षक के लापता होने की सूचना कोतवाली थाने में दी थी, जिसके बाद से पुलिस लापता आरक्षक की तलाश में जुटी हुई थी। बताया जा रहा है कि व्यक्तिगत परेशानियों के चलते आरक्षक ने आत्महत्या का कदम उठाया होगा। फिलहाल शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज जगदलपुर भेज दिया गया है। वहीं पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# विधायक देवेंद्र यादव का जनविरोधी नीतियों पर उपवास, एक दिवसीय कार्यक्रम में विशु अजमानी संग युवा शक्ति ने बढ़ाया समर्थन



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, अचानक बढ़ाई गई जमीन दरों और आम जनता पर किए गए बलपूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में आज दुर्ग में विधायक देवेंद्र यादव ने एक दिवसीय उपवास रखा।

राजनादगांव से भी उपवास स्थल पर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी अपने साथियों के साथ शामिल होकर जमीन दर में हुई वृद्धि और आम जनता के खिलाफ हुई लाठीचार्ज पर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

देवेंद्र यादव ने कहा, हम जनता पर अत्याचार और आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली नीतियों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि सरकार ने इन्हें वापस नहीं लिया, तो हमारा संघर्ष और तीव्र होगा। हम शांतिपूर्ण तरीके से आवाज़ उठाते रहेंगे, लेकिन जनता के अधिकारों पर चोट करने वालों के खिलाफ दृढ़ कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।÷ पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि बढ़ी हुई जमीन दरों का बोझ सीधे गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा। उन्होंने महात्मा गांधी की अहिंसा और सत्याग्रह की विचारधारा का हवाला देते हुए कहा, हम शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक तरीकों से ही अपनी आवाज़ उठाएंगे। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर किए गए लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। इस दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, प्रदेश सचिव मानव देशमुख,अंशल श्रीवास्तव, रौनक परिहार, बादल, अभय गुप्ता सहित अन्य साथी मौजूद थे।

# सूखे फूलों से धूप बनाने की तकनीक का प्रदर्शन



हरदी (दावा)। पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा रावे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम धामनसरा में कृषि संबंधित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन तथा रावे कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शिवाजी लिमजे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सूखे फूलों से प्राकृतिक धूप तैयार करने की विधि का प्रदर्शन किया गया।

यह प्रदर्शन डॉ. अभय बिसेन (उद्यानिकी विभाग) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने सूखे फूल घी शहद कपूर और हवन सामग्री का उपयोग कर कम लागत में धूप तैयार करने की पूरी प्रक्रिया किसानो और महिला स्वयं सहायता समूह को समझाई।

विद्यार्थियों ने फूलों को सुखाने, पीसने, सामग्री मिलने तथा धूप के कोन बनाने की चरणबद्ध विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया उन्होंने बताया कि मंदिरों और घरों से प्राप्त बेकार फूलों का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल धूप तैयार की जा सकती है। जिससे घरेलू उपयोग के साथ-साथ लघु उद्यम भी शुरू किया जा सकता है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने घरों में अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

# महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 01 एवं 02 दिसम्बर 2025 को महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई वी रेवती के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान प्रत्येक संस्था की प्रथम जिम्मेदारी है तथा इस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी प्रत्येक छात्र-छात्रा एवं कर्मचारी को होना आवश्यक है।



महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान प्रत्येक संस्था की प्रथम जिम्मेदारी - डॉ. श्रीमती ई वी रेवती

महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, शिकायत निवारण प्रक्रिया, समिति की संरचना एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न एक दंडनीय अपराध है तथा इसकी रोकथाम हेतु जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर समिति की सदस्य श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, डॉ. नीता राजपुत तथा श्रीमती तूलिका चक्रवर्ती उपस्थित रहीं और छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, संवेदनशीलता एवं शिकायत प्रक्रिया के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की।

# टटेंगा के विद्यार्थियों ने किया दीक्षा एप से अध्ययन

हरदी(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में कक्षा 9 वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को दीक्षा एप डाउनलोड करके या क्यूआर स्कैनर के माध्यम से पढ़ना सिखाया गया। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया। एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के अध्ययन सामग्री प्राप्त होती है।



प्राचार्य आरके देवांगन की अनुमति से विद्यालय के व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी व अजय पाठक ने विद्यार्थियों को ऐप डाउनलोड करके या स्कैनर के माध्यम से लॉग इन करके किताबों में दिए गया क्रस्कैनर के प्रश्न उत्तरों को मोबाइल में ही हल करना सिखाया गया।

इसके साथ ही हेपशीबा एंथोनी ने बताया कि दिया गया उत्तर सही है या नहीं इसका स्वमूल्यांकन भी तुरंत हो जाता है। यह ऑन लाइन तथा ऑफ लाइन दोनों स्थिति में काम करता है।

व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी की सहायता करता है। दीक्षा ऐप शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांति की तरह है। जिससे स्कूल समय के बाद विद्यार्थियों के संदेह को दूर करने में मदद मिलती है।

# नई जमीन दरों से गरमाई राजनीति, सांसद बृजमोहन ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

रायपुर (दावा)। नई कलेक्टर गाइड लाईंस लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ में जमीन की कीमतें अचानक 5 से 9 गुना बढ़ गई हैं। इस फैसले से पूरे राज्य में बहस छिड़ गई है। रायपुर से बीजेपी सांसद, बृजमोहन अग्रवाल ने इसे इकोनॉमी पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने इतना बड़ा बदलाव करने से पहले न तो कोई स्टडी की और न ही लोगों की राय ली। उन्होंने यह भी कहा कि इससे आम लोगों, किसानों और छोटे बिज़नेसमैन पर बुरा असर पड़ेगा।



### सरकार कन्फ्यूज है - बृजमोहन अग्रवाल

अग्रवाल ने कहा कि सरकार खुद गाइडलाइंस को लेकर कन्फ्यूज है। उन्होंने सुझाव दिया कि रेवेन्यू डिपार्टमेंट, रियल एस्टेट सेक्टर और किसानों के संगठनों के एक्सपर्ट्स को मिलाकर एक हाई-लेवल कमेटी बनाई जाए, ताकि ज़मीनी हकीकत को समझने के बाद फैसले लिए जा सकें।

### कैबिनेट से ऊपर कौन?-भूपेश बघेल का सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी नई गाइड लाइन पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मंत्री कह रहे हैं कि यह निर्णय ऊपर से पास हुआ है। अब जनता जानना चाहती है कि कैबिनेट से ऊपर कौन फैसला ले रहा है? अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर यह निर्णय तुरंत रोकने की मांग की है। नई गाइडलाइन से केवल 1 प्रतिशत किसानों को फायदा मिलेगा। 99 प्रतिशत जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जमीन की खरीद-फरोख्त पहले से ही मंद है, नया निर्णय बाजार को और धीमा कर देगा। स्टांप ड्यूटी और पंजीयन शुल्क बढ़ जाने से जमीन खरीदना और मुश्किल होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नया रेट बिना जनसुनवाई, बिना असल मूल्यांकन और बिना सामाजिक-आर्थिक असर को समझे लागू कर दिया गया है। इसी वजह से किसान, छोटे व्यापारी, मध्यम वर्ग और रियल एस्टेट सेक्टर सभी नाराज हैं।

### पुरानी सरकार की 30 प्रतिशत छूट अब खत्म

पहले जमीन का बाजार मूल्य निकालते वक्त सरकार 30त्न कम कर देती थी। उदाहरण यदि जमीन का बाजार मूल्य 10 लाख है, तो रजिस्ट्री के लिए इसे 7 लाख माना जाता था। इसी कम मूल्य पर स्टांप ड्यूटी 4त्न और 75 लाख तक के मकानों पर 2 प्रतिशत ली जाती थी। अब नई गाइडलाइन में यह 30त्न छूट पूरी तरह खत्म कर दी गई है। अब जमीन का पूरा 100 प्रतिशत मूल्य माना जाएगा। लेकिन पंजीयन शुल्क कम नहीं किया गया, वही पुराना रखा गया है।

### क्यों बढ़ी चिंता?

नई गाइडलाइन से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रजिस्ट्री महंगी होगी, किसान और आम लोग जमीन खरीदने या बेचने में दिक्कत महसूस करेंगे, छोटे बिल्डर्स और निवेशकों पर लागत बढ़ जाएगी, अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

# अगले 48 घंटे में तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान, अब पड़ेगी कड़ाके की ठंड



राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कोई सक्रिय प्रणाली नहीं है। ऐसे में रात का तापमान लगातार नीचे उतरने के चलते उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में ठंड और तेज महसूस होगी। प्रदेश में गुरुवार को मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहा, जिसके चलते सुबह और देर शाम ठंड का असर और गहरा महसूस हुआ। राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकार्ड हुआ। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री, सामान्य से 0.6 डिग्री कम, और न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री, सामान्य से 1.6 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सुबह की नमी 62-79 प्रतिशत तक रही, जबकि शाम तक यह घटकर 38-59 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई। दिनभर शुष्क हवाओं ने वातावरण को अधिक शुष्क बनाए रखा।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में आगामी 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 1:3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है। राज्य में अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड का असर बढ़ने और रात के तापमान में गिरावट का अनुमान है।

### शीतलहर से राहत के लिए नगर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

नगर निगम ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है। महापौर मधुसूदन यादव और आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर रोजाना अलाव उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शहर में पुराना बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक, रेल्वे स्टेशन, पेण्ड्री मेडिकल कालेज, सिविल लाईन, चिखली, लखोली, मोतीपुर आदि स्थानों में निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है।

# नागरिकों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री सुनिश्चित करने हेतु अभियान तेज, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की लगातार कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले के नागरिकों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही खाद्य व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान में सही गुणवत्ता के खाद्य सामग्री का ही विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन, विनिर्माण करने की समझाईश भी दी जा रही है।



इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेमीचंद पटेल द्वारा गणपति फूड प्रोडक्ट्स ग्राम बोरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत पर्याप्त साफ-सफाई एवं प्रतिष्ठान में विनिर्मित खाद्य पर चस्पा लेबल नियमानुसार नहीं होने के कारण नोटिस जारी किया गया। साथ ही प्रतिष्ठान से खाद्य टोस्ट (रस्क) का नमूना संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। छुरिया विकासखंड स्थित फर्म साहू प्रोविजन के निरीक्षण के दौरान नीलकंठ कढ़ी पाउडर को बेसन के नाम से बेचा जा रहा था। जिसका नमूना संकलित कर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर प्रेषित किया गया। इन दोनों नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में छुरिया विकासखंड के फर्म युवराज किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म में सूजी 500 ग्राम के 35 पैकेट, शाही आचार मसाला (250 ग्राम) के 70 पैकेट, खजूर (1 किलोग्राम) के 3 पैकेट, कसूरी मेथी (100 ग्राम) के 17 पैकेट तथा लगभग 2 किलोग्राम क्रीम रोल अवसान तिथि के पश्चात विक्रय किया जा रहा था। सभी खाद्य सामग्री को सील कर दिया गया है एवं मौके पर आवश्यक दस्तावेज तैयार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जांच पूर्ण होने के बाद शीघ्र ही इस मामले को सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# चिन्मय हॉस्पिटल का आयुष्मान योजना पंजीयन निरस्त

राजनांदगांव (दावा)। आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यालय अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के पंजीयन को योजना के दिशा-निर्देश एवं अनुबंध के उल्लंघन किए जाने के कारण एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण भारत सरकार के माध्यम से राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के संबंध में नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट (एनएएफयू) द्वारा चिन्हांकित ट्रिगर्स की सूची प्राप्त हुई थी। जिसके दृष्टिगत राज्य स्तरीय गठित टीम द्वारा राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया था। राज्य स्तरीय गठित जांच टीम द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। अस्पताल संचालक द्वारा राज्य स्तरीय गठित जांच टीम को स्पष्टीकरण प्रेषित किया गया। किन्तु जांच टीम द्वारा अस्पताल संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण को समाधानकारक एवं स्वीकार-योग्य नहीं मानते हुए राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीयन को एक वर्ष के लिए निरस्त किया गया है।राज्य स्तरीय गठित जांच टीम द्वारा राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव के औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पायी गई। अस्पताल में महिला जनरल वार्ड एवं पुरूष जनरल वार्ड नर्सिंग होम एक्ट के तहत निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। महिला, पुरूष एवं बच्चे तीनों मरीज को एक ही जनरल वार्ड में भर्ती किया गया था। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखे बिस्तरों के बीच की दूरी योजनांतर्गत निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। जांच टीम द्वारा अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की सूची एवं वेतन भुगतान की जानकारी बार-बार मांगने पर भी अस्पताल निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक द्वारा जांच टीम को चाही गई जानकारी प्रदाय नहीं किया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान योजना अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय का नाम राजनांदगांव चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, किन्तु अस्पताल संचालक द्वारा अस्पताल के बाहर एवं पब्लिक बोर्ड ड्यूटी में अस्पताल का नाम चिन्मय मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल लिखा पाया गया।

# पुलिस की अपील : डीजे ध्वनि नियंत्रण एवं समय-सीमा का पालन करें

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव पुलिस, शादी/पारिवारिक कार्यक्रम/डीजे संचालकों/मैरिज हॉल संचालकों एवं आयोजनकर्ता परिवारों से विनम्र निवेदन करती है कि खुशी वही अच्छी, जिसमें सब खुश हों। कृपया अपनी सामाजिक एवं कानूनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने कार्यक्रमों में डीजे का उपयोग नियंत्रित ध्वनि-स्तर तथा निर्धारित समय सीमा में ही करें।

### अत्यधिक ध्वनि के दुष्प्रभाव

अत्यधिक और अनियंत्रित ध्वनि से समाज को निम्नलिखित गंभीर असुविधाएँ होती हैं। विद्यार्थियों की परीक्षाएँ चल रही हैं, जिससे उनकी पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। बुजुर्ग एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को अनावश्यक परेशानी होती है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। सड़क पर चल रहे लोगों एवं आसपास के निवासियों को असुविधा होती है।

### चेतावनी एवं कार्रवाई

कृपया अपनी जिम्मेदारी समझें एवं समाज को असुविधा न पहुंचाएं। अन्यथा, डीजे मालिक/ऑपरेटर के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त लोडेड वाहनों में ओवरलोडिंग पाए जाने पर एमवी एक्ट (मोटर वाहन अधिनियम) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

### जन सहयोग आमंत्रित

यदि आपके क्षेत्र में अनियंत्रित/अत्यधिक ध्वनि वाले डीजे का उपयोग हो रहा है तो उसकी फोटो, लोकेशन सहित नीचे दिए गए नंबर कंट्रोल रूम राजनांदगांव +9194791-92199 पर व्हाट्सएप करें। आपकी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# जिला जीवनदीप समिति में सांसद ने किया प्रतिनिधि नियुक्त



राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों और जीवन दीप समिति की बैठकों में सांसद की ओर से अब एक नया प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए सांसद ने औपचारिक रूप से नामांकन जारी किया है। जिला राजनांदगांव अंतर्गत जिला स्तरीय जीवन दीप समिति की सभी बैठकों तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त कार्यों में भागीदारी के लिए सांसद ने अपने प्रतिनिधि के रूप में हरीश शर्मा (मो. 9827166337) को अधिकृत किया है। जारी पत्र में सांसद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में जीवन दीप समिति की सभी बैठक, विभागीय कार्यवाहियां तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में हरीश शर्मा उनकी ओर से उपस्थित रहेंगे और आवश्यक सुझाव एवं सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। सांसद ने जिला प्रशासन से यह भी अनुरोध किया है कि आगामी सभी बैठकों की सूचना सांसद कार्यालय के साथ-साथ हरीश शर्मा पता सी-39 सन सिटी कंचनबाग राजनांदगांव को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए ताकि प्रतिनिधि समय पर बैठकों में भाग ले सकें।

# मक्का से भरे ट्रक में लगी आग, दमकल की समय पर कार्रवाई से बड़ा हादसा टला



रायपुर। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ के साल्हेवारा घाटी में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। मक्का से भरे 14 चक्का ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रक पलारी (मध्यप्रदेश) से मक्का लेकर आरंग, रायपुर जा रहा था। इसी दौरान घाटी के मोड़ पर अचानक टायर फटने के साथ आग भड़क उठी। तेज लपटें देखकर ड्राइवर तुरंत कूदकर नीचे उतरा और अपनी जान बचाई।

### किसी के हताहत होने की खबर नहीं

धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय पर की गई कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में ट्रक का बड़ा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को हटाने और सड़क साफ कराने के बाद सामान्य कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# जिले में धान की खरीदी महाभियान से किसानों में हर्ष का माहौल

**अब तक जिले में 25609 पंजीकृत किसानों से 311 करोड़ 92 लाख 95 हजार रूपए मूल्य का 1312944 क्विंटल धान की खरीदी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान की खरीदी महाभियान के लिए किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 25609 पंजीकृत किसानों से 311 करोड़ 92 लाख 95 हजार रूपए मूल्य का 1312944 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# महतारी वंदन का पैसा देने में भाजपा सरकार की आनाकानी - राजेंद्र सोनी



**कहा-कभी सर्वर डाउन, कभी केवाईसी तो कभी और कुछ का बहाना**

राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी भाई राजा ने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार महिलाओं को वादों के भरोसे छोड़कर अब भुगतान में देरी, सर्वर डाउन और केवाईसी जैसी तकनीकी अड़चनों को बहाना बना रही है। उनका कहना है कि चुनावी वादों से इतर अब सरकार इस योजना को अनमने ढंग से चला रही है। श्री सोनी ने महतारी वंदन योजना को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सत्ता प्राप्त करने के लिए भाजपा ने इस योजना को बड़े जोर-शोर से लागू करने की घोषणा की थी। जिसे महिलाओं ने विश्वास के साथ स्वीकार किया और भारी संख्या में भाजपा को वोट भी दिया। लेकिन अब बड़ी संख्या में महिलाएं अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना लागू होने के बाद महिलाओं के आवेदन लेने में लापरवाही बरती गई। सरकार ने अचानक नए क्राइटेरिया तय कर कई पात्र महिलाओं को योजना से बाहर कर दिया। समय के साथ अनेक लाभार्थी महिलाएं दिवंगत हो गईं। वहीं बड़ी संख्या में नई पात्र महिलाएं आज भी योजना में शामिल नहीं हो पाई हैं। क्योंकि उनके आवेदन लिए ही नहीं जा रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कभी सर्वर डाउन, कभी केवाईसी अपडेट तो कभी तकनीकी खामियों का बहाना बनाकर महिलाओं को भटकाया जा रहा है। श्री सोनी के अनुसार कई जिलों में भुगतान अनियमित हो चुका है और महिलाओं में असंतोष बढ़ रहा है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार इस योजना को बोझ मानकर अनमने ढंग से चला रही है। जिस तरह से सरकार इस योजना से पल्ला झाड़ रही है। उससे अंदेशा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा महतारी वंदन योजना को अपने घोषणा पत्र से ही बाहर कर देगी। उन्होंने मांग की कि सभी पात्र महिलाओं को बिना भेदभाव इस योजना का लाभ मिले तथा आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी व सुचारू बनाया जाए।

# एसआईआर प्रक्रिया से लोकतंत्र को आघात : संतोष पिल्ले



**कहा-लाखों मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित हो रहे**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि एसआईआर प्रक्रिया के बहाने देशभर में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि यह कदम सत्ता को लंबे समय तक सुरक्षित करने की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है।

श्री पिल्ले ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार देश की स्वतंत्र संवैधानिक एवं जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं को निष्पक्षता से चलाने के बजाय सत्ता पक्ष अपने हितों के अनुरूप उनका उपयोग कर रहा है। जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को भारी क्षति पहुंच रही है। चुनाव आयोग भी केंद्र के इशारों पर काम कर रहा है और एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर कई राज्यों में बड़े पैमाने पर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। यह केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं बल्कि मताधिकार छीनने की एक राजनीतिक चाल है।

लाखों नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो और क्या है। भाजपा इस तरीके से देश की सत्ता में अपना दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से विपक्षी दलों के संभावित समर्थकों के नाम हटाकर लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली को कमजोर किया जा रहा है। यह पूरा अभियान लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी परिणामों को प्रभावित करने का प्रयास है। जिसे जनता अब भली-भांति समझ चुकी है। जनता ऐसे प्रयासों को देखते हुए आने वाले समय में इसका जवाब देगी। उन्होंने इसे आम मतदाता के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया और चुनाव आयोग से निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की है।

# गाईड लाईन : दरों के विरोध में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में जमीन की गाइडलाइन/सरकारी मूल्य में हुई भारी वृद्धि के विरोध की लहर लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव के आमजनों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया और वृद्धि को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। पूर्व सांसद ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनी और कहा कि बढ़े हुए सरकारी मूल्य–गाइडलाइन दरों के मुद्दे पर जल्द ही चर्चा कर ठोस निर्णय लिया जाएगा।



गौरतलब है कि 20 नवंबर को जारी नई जमीन गाइडलाइन दरों के बाद पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। नई गाइडलाइन लागू होने पर कृषि भूमि, आवासीय प्लॉट, मकान सहित व्यवसायिक जमीन के पंजीयन और रजिस्ट्री खर्च में भारी बढ़ोतरी होगी। जिससे आम जनता पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। इसी मुद्दे को लेकर राजनांदगांव के जय स्तंभ चौक में लगातार आज चौथा दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शहरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया और सरकार से गाईड लाईन दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग दोहराई।

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com